दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 270 | जयपुर | रविवार, 04 अगस्त, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष अमावस्या संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## पीएम मोदी फिर से दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता : सर्वे में 69% अप्रुवल रेटिंग मिली; अमेरिकी राष्ट्रपति टॉप-10 में भी नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने हैं। मॉर्निंग कंसल्ट नाम की ग्लोबल डिसिजन इंटेलिजेंस फर्म ने दुनिया 25 देशों के प्रमुखों की अप्रूवल रेटिंग जारी की है। इस लिस्ट में 69% रेटिंग के साथ पीएम मोदी पहले स्थान पर हैं। लिस्ट में दूसरा स्थान मेक्सिकी राष्ट्रपति आंद्रे मैनुअल लोपेज ओब्राडोर को मिला है। उनकी अप्रूवल रेटिंग 60% रही। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन टॉप-10 नेताओं में भी शामिल नहीं हैं। 39% अप्रूवल रेटिंग के साथ वे 12वें नंबर पर रहे। वहीं, 25वां यानी आखिरी स्थान जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को मिला। उनकी रेटिंग 16% रही। इससे पहले फरवरी में 78% की अप्रूवल रेटिंग के साथ पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता रहे थे। मॉर्निंग कंसल्ट का यह सर्वे 30 जनवरी से 5 फरवरी के बीच जुटाए गए डेटा पर आधारित था। तब भी मेक्सिकी राष्ट्रपति आंद्रे मैनुअल लोपेज ओब्राडोर दूसरे स्थान पर थे। उनकी रेटिंग 64% थी।

### 7 दिन के सर्वे से तय हुई अप्रूवल रेटिंग

ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग ट्रेकर वेबसाइट मॉर्निंग कंसल्ट के मुताबिक ये लिस्ट 8 से 14 जुलाई के बीच कलेक्ट किए डेटा पर आधारित है। हर देश के 18 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को सर्वे करने के बाद सात दिन के औसत से अप्रूवल रेटिंग तय होती है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति और कनाडा के पीएम की लोकप्रियता कम हुई

नई रेटिंग के मुताबिक जो बाइडेन 39% अप्रूवल रेटिंग के साथ 12वें नंबर पर रहे। कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो 29% अप्रूवल रेटिंग के साथ 20वें स्थान पर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ को 20% अप्रूवल रेटिंग के साथ लिस्ट में 22वें स्थान पर रहे हैं।

## राजस्थान भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष ने पदभार संभाला

### सबको साथ लेकर चलना बहुत मुश्किल काम : राजे

### राठौड़ बोले : गुरु मंत्र-चेतावनी ध्यान रखूंगा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान भाजपा के नए प्रदेशाध्यक्ष के रूप में पदभार संभालते ही मदन राठौड़ को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने नसीहत दे दी। शनिवार दोपहर को भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुई सभा में राजे ने कहा कि राठौड़ सबको साथ लेकर चलने का काम करेंगे। ये बहुत मुश्किल काम है, लेकिन इसमें कई लोग फेल भी हुए हैं। वसुंधरा ने कहा कि राजनीति का दूसरा नाम उतार-चढ़ाव है। हर व्यक्ति को इस दौर से गुजरना पड़ता है। जब व्यक्ति इस बारे में सोचता है तो तीन चीजें दिमाग में आती हैं। पद, कद और मद। पद और मद स्थाई नहीं है। यदि आप अच्छा काम करते हैं तो कद स्थायी बन जाता है। पद का यदि मद(अहंकार) हो जाता है तो यह कम हो जाता है। मेरे लिए सबसे बड़ा पद जनता का प्यार, जनता का विश्वास है। ये ऐसा पद है, जो आपसे कोई नहीं छीन सकता। वसुंधरा की इस नसीहत पर प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा- इस गुरु मंत्र और चेतावनी की मैं ध्यान रखूंगा।

### राठौड़ धैर्यवान नहीं होते तो इतने दिन तक पार्टी का काम नहीं करते

वसुंधरा राजे ने कहा कि आगे चलकर किसी गुट की नहीं, संगठन की कामयाबी के लिए मिलजुलकर काम करेंगे। ये आसान नहीं है, बहुत मुश्किल है, न आपके लिए, न कार्यकर्ताओं के लिए। सब बड़े प्यारे हैं। दोनों मिलकर आगे के काम करें। राठौड़ धैर्यवान हैं। यदि धैर्यवान नहीं होते तो इतने दिन तक पार्टी का हाथ बंटाने का काम नहीं करते।

### सीएम बोले- पूनिया-जोशी के नेतृत्व में जो आंदोलन हुए, उसी से प्रदेश में हमारी सरकार बनी

**सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा- पिछले राज की नीतियों के खिलाफ जिस तरह से कार्यकर्ताओं ने सतीश पूनिया और सीपी जोशी के नेतृत्व में आंदोलन किया। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में हमारी सरकार बनी। उन्होंने कहा कि हमने युवाओं को धोखा देने वालों को नहीं बख्शने की बात कही थी। आज पेपर लीक करने वाले 115 आरोपी जेल में है। इनके नेता प्रतिपक्ष कहते हैं कि मछली पकड़ी है, मगरमच्छ बाकी है। मैंने कहा था कि आप चिंता मत करो। मगरमच्छ भी जल्द ही आने वाले हैं। सीएम भजनलाल ने कहा कि अब संगठन की बागडोर मदन राठौड़ संभाल रहे हैं। यह कड़ी चलती रहती है। कभी जिलाध्यक्ष, कभी मंडल अध्यक्ष, कभी प्रदेशाध्यक्ष के रूप में। यह बदलता रहता है। यह बदलाव का क्रम है।**



### सरकार के काम से खुश नहीं हो तो हमें बताओ : राठौड़

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वसुंधरा राजे ने जो मुझे गुरु मंत्र दिया है, उसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगा। उन्होंने कहा कि मंच से जो मुझे चेतावनी मिली है। उसका मैं ध्यान रखूंगा। कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि सरकार अपनी है। इसलिए सरकार की तारीफ करो। अगर सरकार के काम से खुश नहीं हो तो हमें बताओ। हम आपकी बात सुनेंगे।

### मूल ओबीसी कोटे से बनाया था प्रदेशाध्यक्ष

राठौड़ 5 महीने पहले ही राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। लंबे समय से संगठन में सक्रिय राठौड़ ने बीजेपी के दिग्गज नेताओं के साथ काम किया है। जनसंघ से लेकर बीजेपी की यात्रा में शामिल रहे हैं। बीजेपी की पुरानी और नई पीढ़ी दोनों के साथ काम करने का अनुभव रखते हैं। राठौड़ मूल ओबीसी में घांची जाति से हैं। राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को पार्टी ने 25 जुलाई को ही बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया था। पार्टी ने मदन राठौड़ को अध्यक्ष बनाकर मूल ओबीसी के अपने वोट बैंक को ओर मजबूत किया है।

### 5 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव जिताना सबसे बड़ी चुनौती

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और सीएम भजनलाल शर्मा के सामने पहली चुनौती प्रदेश की 5 विधानसभा सीटों( दौसा, देवली-उनियारा, चौरासी, झुंझुनूं, खींवसर) पर होने वाला उपचुनाव सबसे बड़ी चुनौती होगा। इन सीटों पर जल्द ही उपचुनाव की घोषणा होने वाली है। साथ ही राठौड़ जल्द ही अपनी नई टीम का भी ऐलान करेंगे।

### विधानसभा चुनाव में नहीं मिला था टिकट

मदन राठौड़ ने विधानसभा चुनाव-2023 में सुमेरपुर से टिकट मांगा था, लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया था। इसके बाद उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली थी। हालांकि उस वक्त उन्हें पीएम नरेंद्र मोदी ने फोन करके काम करते रहने को कहा था। फरवरी महीने में उन्हें राज्यसभा में भेज दिया गया। वहीं अब प्रदेश बीजेपी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## मणिपुर के जिरिबाम में शांति समझौते के अगले दिन हिंसा

### उपद्रवियों ने फायरिंग की, घर फूंका; कुकी-मैतई ने हालात सुधारने का भरोसा दिया था



बढ़ता राजस्थान

**इम्फाल।** मणिपुर के जिरिबाम में शांति बहाल करने के समझौते के 24 घंटे के भीतर फिर से हिंसा हुई। जिरिबाम के लालपानी गांव में शुक्रवार (2 अगस्त) की रात हथियारबंद लोगों ने कई राउंड फायरिंग की। एक घर में आग लगा दी। हालांकि, वहां कोई रहता नहीं था। अधिकारियों ने बताया कि लालपानी में मैतेई लोगों के घर हैं। यहां के अधिकांश लोगों ने जिले में हिंसा भड़कने के बाद घर छोड़ दिया था। उपद्रवियों ने यहां सुरक्षा-व्यवस्था में ढील का फायदा उठाकर हमला किया। हमलावरों की अभी तक पहचान नहीं हुई है। घटना के बाद सुरक्षाबलों को इलाके में भेजा गया है। मैतेई और कुकी समुदायों ने गुरुवार (1 अगस्त) को असम के कछार से सटे सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में एक बैठक के बाद शांति समझौता पर हस्ताक्षर किए थे। दोनों समुदायों ने जिले में स्थिति सामान्य करने, आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं को रोकने की बात कही थी। दोनों पक्षों ने सुरक्षाबलों को भी पूरा साथ देने का आश्वासन दिया था।

### मणिपुर सीएम बोले- 5 साल में 10 हजार अवैध प्रवासी आए

मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि पिछले 5 साल में राज्य में कुल 10,675 घुसपैठिए आए हैं। उन्होंने 12वीं विधानसभा के छठे सेशन में कहा- ये घुसपैठिए म्यांमार, बांग्लादेश, नॉरवे, चीन और नेपाल से आए हैं।

## राजस्थान में भारी बारिश का दौर आज भी रहेगा जारी...

### 3 जिलों में ऑरेंज और 7 जिलों में येलो अलर्ट जारी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** प्रदेश में शुरू हुआ भारी बारिश का दौर आज भी जारी रहेगा। आज 3 जिलों में बारिश का ऑरेंज और 7 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया गया है। अतिभारी बारिश का दौर शुरू होकर 4 अगस्त तक चलेगा। कोटा, उदयपुर संभाग के जिलों अतिभारी बारिश की आशंका से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

तेज बारिश की आशंका के चलते आज भीलवाड़ा, टोंक, जैलसमेर, बीकानेर, बाड़मेर, बालोतरा और केकड़ी जिलों में स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की गई है। वहीं बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर में तेज बारिश के कारण बाजारों में पानी भर गया है । मानसून में राजस्थान में अब तक औसत से 12 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी है।

### राजस्थान में एक ही दिन में लगाए जाएंगे एक करोड़ पौधे, 7 अगस्त को हरियाली तीज पर वन महोत्सव का होगा आयोजन

जलवायु परिवर्तन ने बारिश का पैटर्न बदला है। अरब सागर के गर्म होने से बादल बनने में इजाफा हुआ है। गत 100 वर्षों में बारिश के पैटर्न में पहले से बहुत ज्यादा बदलाव हुआ है। दुनियाभर में बारिश का पैटर्न बदला है। मानवजनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का परिणाम ये बदलाव है। बारिश में बदलाव का असर वायनाड जिले में देखा जा सकता है।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# मुख्यमंत्री दखल दे, कोचिंग संचालकों को डर के माहौल से बाहर निकालें

## कोचिंग हब में कीमत कम करें, कोचिंग महासंघ द्वारा आमरण अनशन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ ने जयपुर में कोचिंग संचालकों को दिए जा रहे नोटिस को एवं की जा रही कार्रवाई को अवैध बताते हुए चेतावनी दी है कि नगर निगम पहले अपने मुख्यालय स्थित बेसमेंट में चल रहे मलेरिया डिपार्टमेंट तथा आधार कार्ड के कार्य को रोके एवं अपनी एनओसी को दुरुस्त करें । उसके बाद समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले शिक्षकों को नियम का पाठ पढ़ाये, कोचिंग जगत में देश की सबसे अच्छी व्यवस्था देने वाले जयपुर शहर को बदनाम करने की साजिश का आरोप महासंघ के पदाधिकारियों ने नगर निगम तथा पुलिस प्रशासन पर लगाते हुए इस मामले में तुरंत प्रभाव से मुख्यमंत्री भदन लाल शर्मा से दखल देने की मांग की है। महासंघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि अगर प्रशासन अवैध तरीके से की जा रही सीज की कार्रवाई को जल्द नहीं रोकती है तो आमरण अनशन किया जाएगा। ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के बैनर तले जयपुर शहर के कोचिंग संचालकों ने आरोप लगाया कि बिना नोटिस के एवं बिना समय दिए तथा नोटिस में भी अग्रिम आदेश के रूप में संवैधानिक शब्दों का उपयोग करते हुए कोचिंग संचालकों को डराया धमकाया जा रहा है। जिसका असर जयपुर में उच्च प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों पर पड़ रहा है एवं प्रदेश भर के अभिभावक इस कार्रवाई से भयंकर रूप से मानसिक पीड़ा से संतृष्ट हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोचिंग संचालकों ने सोमवार को मुख्यमंत्री से मिलकर मदद की गुहार लगाने की योजना बनाई हैं।

ऑल कोचिंग इंस्टिट्यूट महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरसी शर्मा राष्ट्रीय महासचिव सिराज खान प्रदेश अध्यक्ष अनीश कुमार तथा प्रदेश महासचिव अजय अग्रवाल ने संयुक्त बयान जारी कर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से नगर निगम पुलिस विभाग जयपुर विकास प्राधिकरण तथा अन्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे हैं। सीज एवं नोटिस देने की कार्रवाई को तुरंत प्रभाव से रोकने की अपील करते हुए कोचिंग हब में महंगी दर को प्रायोगिक रूप से रियायती दर करने की मांग की हैं। महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने इस समस्या का समाधान कोचिंग हब को बताते हुए कहा कि पिछली सरकार ने कोचिंग माफियाओं तथा पेपर लीक माफिया के साथ मिलकर कोचिंग हब को फेल कर दिया अब इस सरकार में पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है और आशा करते हैं कि, भजनलाल सरकार शीघ्र ही कोचिंग हब को सफल करने के लिए नए सिरे से कोचिंग हब की रियायती दर तय कर देश के प्रथम कोचिंग हब को सफल करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# तीज महोत्सव : महिलाओं ने घूमर-लहरियां सहित कई गीतों पर झूमी

## कार्यक्रम में महिलाओं ने एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुतियां दी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** राजधानी जयपुर में शनिवार को शास्त्री नगर आरपीए रोड स्थित जन उपयोगी भवन में महिलाओं द्वारा तीज उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने खूब जमकर मौज मस्ती की और तीज त्योहार का महत्व बताया। साथ ही महिलाओं ने ग्रुप में घूमर,लहरिया सहित कई गीतों में सामूहिक और एकल नृत्य भी किया। कई महिलाओं ने ग्रुप बना कर ढोलक कर घूमर नृत्य भी किया। साथ ही इस कार्यक्रम में एक प्रस्तुति योग की थी,जिसने सभी का मन मोह लिया। नृत्यम इवेंट प्लानर और कार्यक्रम की आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि तीज त्योहार आम जन में प्रेम ,प्यार,सद्भावना और भाईचारा के रंग भरते है । यह हमारे देश की सभ्यता संस्कृति परंपराओं और मानवीय मूल्यों के परिचायक है। हमारी संस्कृति और सभ्यता की विरासत है। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने झूला झूलते हुए तीज व सावन के गीत गाए। महिलाओं ने कार्यक्रम में मेहंदी भी लगाई। इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने हिस्सा लिया। साथ ही इस कार्यक्रम में डॉ. निर्मला यादव बतौर मुख्य अतिथि रही। काजल सैनी ने बताया कि तीज महोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम, तीज क्वीन कॉन्टेंट,डांस प्रतियोगिता,फैशन शो,कल्चर कार्यक्रम सहित कई कार्यक्रम हुए। इसके अलावा डांस प्रतियोगिता भी रखी गई। इस प्रतियोगिताओं में एक से बढ़कर एक सुंदर प्रस्तुति दी। इस दौरान झूलों में झूलकर सावनी गीत गाए गए। कार्यक्रम के दौरान युवा महिलाएं सावन के गीतों पर जमकर थिरकीं। खेल-खेल में प्रतिभागियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया । इस डांस प्रतियोगिता में विजेता रही महिलाओं को आकर्षक उपहार भी दिए गए।

# टिसॉट ने राजस्थान में अपना पहला स्टोर खोला, कलाकारी के साथ जयपुर में रखा कदम




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** स्विट्जरलैंड की जानी-मानी घड़ी निर्माता कंपनी, टिसॉट ने राजस्थान के जयपुर में अपना पहला स्टोर खोलने की घोषणा की है। 600 वर्ग फीट में फैला यह स्टोर ब्राण्ड के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस नए स्टोर के साथ, कंपनी इस क्षेत्र के घड़ी प्रेमियों के लिए अपना विरासती और विविधता पूर्ण कलेक्शन उनके और करीब लेकर आई है। राजस्थान के बीचो बीच बना यह स्टोर ब्रांड की एक संपूर्ण रेंज को देखने के लिए एक प्रमुख ठिकाने के रूप में काम करेगा।

गुलाबी शहर जयपुर में टिसॉट के पहले स्टोर का खुलना राजस्थान में ब्रांड का पहला प्रवेश है, जिससे भारत में विस्तार को लेकर उनकी प्रतिबद्धता और मजबूत हुई है। स्टोर का डिजाइन एक आधुनिक, आकर्षक माहौल देता है, जहां आपको टिसॉट के विभिन्न पोर्टफोलियो की पूरी झलक देखने को मिलेगी। टी-टच, सीस्टार, पीआरएक्स और मोटोजीपी टीएम तक। हरेक कलेक्शन ही लोगों की अलग-अलग पसंद और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इससे यह तय हो जाता है कि यहां हरेक की स्टाइल के लिए कुछ ना कुछ जरूर मिल जाएगा। स्टोर के भव्य उद्घाटन में जयपुर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और कलात्मकता को लेकर टिसॉट की लगन देखने को मिलती है। भव्य डिजाइन को लेकर टिसॉट के अनूठेपन के इतिहास के साथ हर मौके के लिए एक अद्भुत टाइमपीस पेश करने की यह परंपरा यूं ही जारी रहेगी।

# जेमफील्ड्स ने जयपुर में ऋचा गोयल सीकरी की पुस्तक 'नो स्टोन अनटर्न्ड: द हंट फॉर अफ्रीकन जेम्स' के लिए बुक साइनिंग इवेंट का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** शुद्ध रंगीन रत्नों की दुनिया की जानी-मानी खनन कंपनी जेमफील्ड्स ने जयपुर में प्रकाशित पुस्तक 'नो स्टोन अनटर्न्ड: द हंट फॉर अफ्रीकन जेम्स' के लिए बुक साइनिंग इवेंट आयोजित किया। इस पुस्तक को प्रसिद्ध पत्रकार और कहानीकार ऋचा गोयल सीकरी ने लिखा है। जेमफील्ड्स द्वारा 2020 में कमीशन की गई यह पुस्तक अफ्रीका के रंगबिरंगे रत्नों से संबंधित वास्तविक जीवन के अनुभवों पर आधारित 24 लघु साहसिक कहानियों का एक मनोरम संग्रह है। इस कार्यक्रम में जयपुर के रंगीन रत्न उद्योग से लगभग 60 दिग्गजों ने भाग लिया। इसमें जेमफील्ड्स के ग्राहक और रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी), जयपुर ज्वैलर्स एसोसिएशन (जेजेए) और जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के कार्यकारी निकाय के सदस्य शामिल थे। इन लोगों समुदाय के भीतर इस कार्य के महत्व को स्पष्ट किया। जेमफील्ड्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर और जनरल मैनेजर गोपाल कुमार ने उपस्थित लोगों का गर्मजोशी से स्वागत किया और शाम की कार्यवाही का विवरण रखा। इसके बाद लेखिका ऋचा गोयल सीकरी ने एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने पुस्तक में दी गई कहानियों के बारे में विशेष जानकारी साझा की। इससे अफ्रीकी रत्नों की आकर्षक दुनिया की व्यापक जानकारी मिली। ऋचा गोयल सीकरी ने कहा- जयपुर रंगीन रत्नों के लिए जाना पहचाने ग्लोबल हब्स में से एक है। जयपुर रत्न उद्योग के शीर्षस्थ लोगों के साथ मेरी पुस्तक 'नो स्टोन अनटर्न्ड'के लिए जेमफील्ड्स के कार्यक्रम में उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है। इस शाम का मुख्य आकर्षण किस्सागोई का सत्र था, जिसमें जयपुर के चार प्रतिष्ठित रत्न उद्योग से जुड़े दिग्गजों धर्मेंद्र टांक, मनोज धांधिया, सुनील मित्तल और रहीम उल्लाह ने दर्शकों से गुफ्तुगू (बातचीत) की। इनके वास्तविक जीवन की कहानियां इस पुस्तक में शामिल हैं। इन चारों के व्यक्तिगत किस्सों ने पुस्तक के रोमांच को जीवंत कर दिया, जिससे ये इवेंट सभी उपस्थित लोगों के लिए एक आकर्षक, संवादात्मक और यादगार अनुभव बन गया। 'नो स्टोन अनटर्न्ड: द हंट फॉर अफ्रीकन जेम्स'पाठकों को अफ्रीका में रंगीन रत्नों को खोजने के रोमांच और चुनौतियों की एक अनूठी झलक प्रदान करता है। नो स्टोन अनटर्न्ड ऋचा की पहली पुस्तक है, जिसे ऑस्टिन मैकॉली पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है, और यह austin-macauley.com, अमेज़न जैसे ऑनलाइन रिटेल प्लेटफ़ॉर्म और सभी प्रमुख पुस्तक विक्रेताओं के पास उपलब्ध है।

# आयुर्वेद औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण मापदंडों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के रसशास्त्र और भैषज्य कल्पना विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिक्षा में यूजी, पीजी और रिसर्च कर रहे विद्यार्थियों के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त 2024 को आयुर्वेद औषधियों के गुणवत्ता नियंत्रण मापदंडों पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से एएसयू दवाओं के लिए मानक परीक्षण प्रक्रियाओं पर व्यावहारिक प्रशिक्षण पर केंद्रित था। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा ने की। कुलपति ने आयुर्वेदिक दवाओं में गुणवत्ता नियंत्रण के महत्व पर जानकारी देने के साथ इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यकता पर भी जोर दिया, उन्होंने इस क्षेत्र में विभाग के निरंतर प्रयासों की भी सराहना की। रसशास्त्र और भैषज्य कल्पना विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनुपम श्रीवास्तव ने एएसयू दवाओं के लिए ड्रग टेस्टिंग टैब की जानकारी दी।

कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. अनीता शर्मा ने एएसयू दवा निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण उपायों को सुनिश्चित करने के लिए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के करने का सुझाव दिया।

# नेट-थियेट पर भजन संध्या डाकिया रे

## पायोजी मैंने राम रतन धन पायो रचना ने भक्ति रस में डुबाया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** नेट-थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज डाकिया रे कार्यक्रमों में उभरते भजन गायक कन्हैया शर्मा और रिंकू नागलिया ने अपनी सुरीली आवाज से राजस्थानी गीत एवं भजन की ऐसी अविरल धारा प्रवाहित की दर्शक सावन की फुहार सा आनंद लेने लगे। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि कलाकार कन्हैया और रिंकू ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थानी गीत जला सैनण मह तो राज रा,डेरा निरखना आई रे से की इसके बाद उन्होंने भजन पायोजी मैंने राम रतन धन पायो को बड़े ही सरीले अंदाज में सुना कर दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया । उसके बाद उन्होंने राजस्थान का सुप्रसिद्ध लोकगीत डाकिया रे तू कागज लिख दे,लिख परवानों म्हारो साजन रो और धन म्हारा देश बीकाणा को बड़े ही मनोयोग से गाकर अपनी जाएगी का परिचय दिया । कन्हैया और रिंकू ने संगीत की शिक्षा से प्रसिद्ध गायक बुंदू खा से ली । इनके साथ सैक्सोफोन पर प्रसिद्ध कलाकार राशिद खान ने अपनी सुरीली संगत से इस संध्या को खुशनुमा बना दिया । इनके साथ तबले पर प्रसिद्ध तबला नवाज गुलाम फरीद ने अपनी उंगलियों का जादू चलाकर दर्शक की तालियां बटोरी ।संयोजक नवल दांगी तथा प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी एवं संगीत विनोद सागर गढवाल ने किया। मंच सज्जा अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

# जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र का संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक तीन लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की प्रतापगढ़ टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जिला प्रतापगढ़ के संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक राजीव गर्ग को परिवादी से तीन लाख रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की प्रतापगढ़ टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि सातवें वेतनमान का स्थिरीकरण, पेंशन प्रकरण का भुगतान एवं एरियर का भुगतान करने की एवज में ए जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र जिला प्रतापगढ़ का संयुक्त आयुक्त एवं महाप्रबंधक राजीव गर्ग तीन लाख 50 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। एसीबी की प्रतापगढ़ टीम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए आरोपित राजीव गर्ग को ती लाख रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपित द्वारा शिकायत से पूर्व भी परिवादी से 50 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे। एसीबी को कार्रवाई के दौरान आरोपित के जयपुर स्थित मकान एवं एक फ्लेट की तलाशी के लिये पहुंची तो दोनों बन्द मिले जिन्हें सील किया गया है। न्यायालय से आरोपित का रिमांड़ लिया जाकर उसकी उपस्थिति में ही उक्त ठिकानों की तलाशी ली जायेगी।

# चैकिंग के दौरान सिख युवक की पगड़ी गिरने से विवाद, बड़ी संख्या में जमा हुए लोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सिविल ड्रेस में तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा चैकिंग के दौरान के एक सिख युवक की पगड़ी गिरने से गोपालपुरा बायपास पर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। झगड़े में सिख युवक की पगड़ी गिरने को लेकर विवाद में सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने को लेकर दो घंटे तक लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस प्रशासन ने हालत बिगड़ते देखकर बड़ी संख्या में जाब्ते को मौके पर बुला लिया। पुलिस की समझाइस के बाद आखिर में मामला शांत हो गया। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मी गोपालपुरा बाइपास स्थित शराब दुकानों पर कार्रवाई के लिए पहुंचे थे। शराब दुकान को लेकर पहुंचे पुलिसकर्मियों की कार्रवाई को लेकर पड़ोसी कैफे मालिक से कहासुनी हो गई। आरोप है कि अवैध शराब बेचने के आरोप में सिविल ड्रेस में आए पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर दी। जिसके चलते बचाने आए सिख युवक की बीच-बचाव के दौरान पगड़ी गिर गई। देखते ही देखते माहौल बिगड़ने पर कहासुनी के बाद झगड़ा हो गया। दोनों ही पक्षों में जमकर मारपीट होना शुरू हो गई। आरोप है कि पुलिसकर्मी होने का दावा करने वाले युवकों ने जमकर मारपीट करना शुरू कर दिया। सिख युवक के साथ बदतमीजी होने का पता चलने पर बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। विरोध कर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने पुलिसकर्मियों पर धार्मिक भावनाओं का अपमान करने का आरोप लगाया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि वे अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या हुआ था। दो पुलिसकर्मी अवैध शराब के किसी ऑपरेशन पर कार्रवाई करने गए थे। ऐसा लगता है कि किसी प्रकार का भ्रम हुआ जिससे चीजें बढ़ गईं।

# कोचिंग छात्रा ने अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल से कूद कर की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर(का.स.)।** मुहाना थाना इलाके में एक कोचिंग छात्रा ने अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। आत्महत्या का प्राथमिक कारण माता-पिता से झगड़े को बताया जा रहा है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस सुसाइड के कारण का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

थानाधिकारी मदन लाल कड़वासरा ने बताया कि मृतका लीना सिंह (20) पुत्री राजेश सिंह मुहाना के एक अपार्टमेंट में रहती थी। वह अपनी बहन के साथ रहकर कॉम्पिटिशन एग्जाम की तैयारी कर रही थी। शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे उसने अपार्टमेंट की 9वीं मंजिल की छत से छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। बॉलकोनी से नीचे गिरने पर उठी धमकाने की आवाज सुनकर अपार्टमेंट में रहने वाले लोग मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में लीना जमीन पर पड़ी मिली। स्थानीय लोगों ने तुरंत मुहाना थाना पुलिस को सूचित किया। गंभीर हालत में लीना को तुरंत हॉस्पिटल भिजवाया गया। डॉक्टर्स ने प्राथमिक इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के पास से किसी प्रकार का सुसाइड नोट मिलने की बात से इंकार किया है।

# वरिष्ठ पत्रकार केबीएस हाड़ा का निधन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** वरिष्ठ पत्रकार कृष्ण बलदेव सिंह हाड़ा का शुक्रवार शाम जोधपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार अपरांह कोटा के छावनी स्थित श्मशान पर किया गया। हाड़ा की पार्थिव देह को उनके पुत्र देवव्रत सिंह ने मुखाग्नि दी।

उल्लेखनीय है कि स्व हाड़ा ने कोटा के पत्रकार जगत में चार दशकों तक अपनी सेवाएँ दीं। वह राजस्थान पत्रिका, जननायक और समाचार एजेंसी यूएनआई में कार्यरत रहे।

हाड़ा के अंतिम संस्कार में ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील माथुर, महासचिव अनिल भारद्वाज, प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष प्रद्युम्न शर्मा, धीरज गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार धीरेंद्र राहुल, पुरुषोत्तम पंचोली, केएल जैन, जनार्दन गुप्ता, जितेंद्र शर्मा, ज़ेपी सिंह, योगेश सेन आदि ने उपस्थित होकर अंतिम विदाई दी। डॉ सुधीर गुप्ता, नरेश हाड़ा, बनवारी यदुवंशी, प्रियंक जैन आदि भी इस दौरान उपस्थित रहे।

# निवर्तमान राज्यपाल कलराज मिश्र को मुख्यमंत्री ने दी भाव भरी विदाई

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** निवर्तमान राज्यपाल श्री कलराज मिश्र को शनिवार को एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर भाव भरी विदाई दी। उन्होंने श्री मिश्र को विदाई पर उनके स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी, डॉ. प्रेमचंद बैरवा और अन्य गणमान्यजनों ने भी उन्हें विदाई देते हुए उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

# हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी कई दिनों से कर रहा था पीछा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर(का.स.)। सांगानेर थाना इलाके में एक हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शिकायत दी कि पिछले काफी समय से आरोपी लड़का पीछा कर बीच रास्ते में पकड़ हॉस्टल छात्रा से छेड़छाड़ कर रहा है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसआई पुष्पा कर रही हैं। पुलिस ने बताया कि सांगानेर निवासी 23 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक हॉस्टल में रहकर स्टडी कर रही है।

# सड़क किनारे पड़ा मिला मानव भ्रूण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सर्किल थाना इलाके में मेट्रो पिल्लर के नीचे रोड किनारे मानव भ्रूण के मिलने से सनसनी फैल गई। झाड़ू लगाते समय थड़ी दुकानदार को यह भ्रूण पड़ा नजर आया। उसने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमॉर्टम के लिए हॉस्पिटल के मुर्दाघर भिजवाया है। जांच अधिकारी एसआई माया मीणा ने बताया कि नीमकाथाना सीकर निवासी कमलेश कुमार (35) ने मामला दर्ज करवाया कि स्टेशन रोड पर मेट्रो पिल्लर नंबर-195 के पास वह चाय की थड़ी लगाते हैं। रोज की तरफ सुबह करीब 4.30 बजे वह थड़ी खोलने पहुंचे। दुकान खोलकर बाहर रोड पर साफ-सफाई के लिए झाड़ू लगाने लगे। इसी दौरान रोड किनारे मानव भ्रूण पड़ा दिखाई दिया। भ्रूण पड़ा मिलने का पता चलने पर लोगों में सनसनी फैल गई।

# कांग्रेस लोकतांत्रिक पार्टी नहीं होकर एक परिवार की पार्टी है, इनका इतिहास लोकतंत्र को खत्म करने का रहा है

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ ( सुभाष यादव )।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव शनिवार को बहरोड़ दौरे पर रहे। सबसे पहले वे बहरोड़ विधानसभा के मांढण पहुंचे, जहां उन्होंने सिद्ध सेवा धाम में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इसके बाद वे गांव गंडाला पहुंचे, जहां उन्होंने पक्षी घर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने एक सभा को संबोधित किया। जहां उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जम कर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपातकाल के मुद्दे पर कहा कि 50 साल पहले हमारे देश में बेगुनाह लोगों को जेल में बंद किया गया, क्योंकि वे नागरिक अधिकारों की आवाज उठा रहे थे। इस देश में सभी संस्थाओं को सस्पेंड कर दिया गया क्योंकि इंदिरा जी को अपनी सत्ता से खतरा नजर आ रहा था। गांधीवादी संस्थाओं को भी बंद कर दिया गया, क्योंकि वे इंदिरा जी की तानाशाही पसंद नहीं करती थीं।केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री और अलवर सांसद भूपेंद्र यादव ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने कहा था कि, ज्ञान बिना गति नहीं, गति नहीं तो मति नहीं और बिना मति के अर्थ नहीं। अर्थ होने से ही समाज बढ़ता है और असमानता आती है। बाबा खेतानाथ ने सभी जातियों के लिए शिक्षा का काम किया। मुझे सभी जातियों ने चुना है, मैं सबका सांसद हूं।



### नया भविष्य बनाने में कामयाब होंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा, पेयजल और सिंचाई की समस्या को लेकर हमने ईआरसीपी से पेयजल की व्यवस्था की है। भिवाड़ी में वेस्ट वाटर के लिए बजट मुख्यमंत्री ने दिया है। उन्होंने अलवर के पूर्व सांसद महेंद्र चांदनाथ की भी तारीफ की और उन्हें याद किया। केंद्र सरकार के बजट पर कहा कि केंद्र का बजट 9 पैमानों पर आया है। हम इलाके का नया भविष्य बनाने में कामयाब होंगे।

### गांव की बहू-बेटियों के लिए होनी चाहिए लाइब्रेरी

उन्होंने ई-लाइब्रेरी के लिए 30 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह मेरी जिम्मेदारी है। यहां की लाइब्रेरी के लिए पर्याप्त नहीं है। यह लाइब्रेरी केवल कॉलेज के लिए नहीं, बल्कि गांव की बहू-बेटियों के लिए भी होनी चाहिए। वे भी यहां सदस्यता लेकर पढ़ाई कर सकती हैं। जीवन में डिग्री के लिए नहीं, कौशल विकास के लिए संस्थान बने ताकि नए रोजगार पैदा हो सकें। बाबा खेतानाथ समिति और लोगों ने केंद्रीय मंत्री से भीटेड़ा कॉलेज को विश्वविद्यालय और सरकारी महाविद्यालय बनाने की मांग की। भूपेंद्र यादव ने कहा, आपने दो मांगे रखी हैं, इनमें से कौन सी मांग पूरी की जाए, इस पर विचार करें। इस दौरान पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव, विधायक डॉ. जसवंत यादव, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, शुभनाथ महाराज, स्वामी समर्पणानंद, नप सभापति सीताराम यादव, डॉ. शानू यादव, कमल यादव सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# कोटपूतली वासियों के लिये परेशानी का सबब बना सीवरेज लाईन निर्माण कार्य

## निरन्तर बारिश में फिर से धंसी सडक़, फंसे दुपहिया व चौपहिया वाहन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** लम्बे इंतजार के बाद कोटपूतली कस्बे के पूर्वी भाग में बिछाई जा रही बहुप्रतिक्षित सीवरेज लाईन जहाँ कस्बावासियों के लिये परेशानी का सबब बनती जा रही है। वहीं धीरे-धीरे विवादित भी बनती जा रही है। एक ओर जहाँ ग्राम चतुर्भुज में विगत एक माह से धरने पर बैठे ग्रामीण सीवरेज एसटीपी प्लान्ट को चतुर्भुज में बनाये जाने का विरोध कर रहे है। वहीं कस्बे में बिछाई जा रही सीवरेज लाईन के निर्माण कार्य में बड़ी तकनीकी खामियों के समाचार निरन्तर सामने आ रहे है। लेकिन इससे बेखौफ होकर सीवरेज निर्माण कम्पनी द्वारा निरन्तर कार्य को आगे बढ़ाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि विगत एक माह में आई प्रत्येक बारिश के साथ सीवरेज चैम्बर के गड्ढे ढ़ह रहे है। जिससे उनमें वाहनों का गिरना व लोगों का गिर कर घायल हो जाना आम बात है। सीवरेज लाईन पाईप व चैम्बर बिछाये जाने के बाद उसे ठीक तरीके से पक्का ना करने के चलते बारिश के दौरान कटाव हो जाता है। जिससे सडक़ धंसने के कारण उसमें वाहन के साथ-साथ लोग भी गिर जाते है। ऐसा ही नजारा गुरूवार शाम को कस्बे के गोविन्द विहार कॉलोनी में देखने को मिला। जहाँ वर्षा के पानी से सीवरेज लाईन में गहरा गड्ढा हो गया। जिससे पूर्व जिला पार्षद धूड़ सिंह शेखावत की स्कारपियो गाड़ी उस गड्ढे में धंस गई। शेखावत ने इसकी सूचना नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट समेत उच्चाधिकारियों को दी। जिसके बाद जेसीबी की सहायता से गाड़ी को खीचकर बाहर निकाला गया। शेखावत ने बताया कि इससे उनकी गाडी में भारी नुकसान हो गया। हालांकि सीवरेज के गड्ढों में वाहन गिरने की घटना नई नहीं है। सीवरेज लाईन व चैम्बर बिछाने के बाद उसे भरने के उपरान्त भी इनमें होने वाला गड्ढा निर्माण कार्य की गुणवत्ता को दर्शाता है। जब सीवरेज लाईन निर्माण कार्य के दौरान ही निरन्तर ऐसी घटनायें हो रही है तो निर्माण पुरा होने के बाद क्या होगा, इसका राम ही मालिक है। कस्बावासियों के राहत के लिये बनाई जा रही सीवरेज लाईन यहाँ के लोगों के लिये जी का जंजाल भी बन सकती है। सीवरेज का गड्ढा खोदने के दौरान इसकी मिट्टी बेचे जाने के समाचार तो पहले से ही जग जाहिर है। वहीं कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि सीवरेज के निर्माण में बिछाये जा रहे पाईप बेहद घटिया गुणवत्ता के है, वहीं इसके निर्माण में भारी तकनीकी खामी भी है। बताया जा रहा है कि सीवरेज चैम्बर का लेवल ठीक से नहीं लिया गया है। बहुत से स्थानों पर यह ऊंचा-नीचा है। जबकि कस्बे में लोगों के गटर के गड्ढे काफी गहराई तक खोदे गये है। ऐसे में सीवरेज पाईप व चैम्बर ऊंचे बिछाये जाने से उनमें गटर के पानी की निकासी हो सकेगी या नहीं यह तो वक्त ही बतायेगा।



## विधान सभा में राज्य में बिजली की स्थिति पर चर्चा, दूरदर्शी सोच के साथ उठाये कदमों से प्रदेश में नहीं रहेगी बिजली की कमी

# बिजली बैंकिंग व्यवस्था का खामियाजा बिजली उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ा : ऊर्जा राज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/जयपुर ( का.स. )।** ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने शुक्रवार को राज्य विधान सभा में कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए केन्द्रीय उपक्रमों के साथ एमओयू किये हैं। दूरदर्शी सोच के साथ उठाये गए इस कदम से आने वाले समय में राजस्थान में बिजली की कोई कमी नहीं रहेगी।

ऊर्जा राज्य मंत्री सदन में राज्य में बिजली की स्थिति पर चर्चा के बाद अपना जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कुप्रबंधन के कारण प्रदेश को बिजली संकट से जूझना पड़ा। पूर्ववर्ती सरकार के समय बिजली के उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण तीनों ही क्षेत्रों की उपेक्षा हुई। नागर ने बताया कि आवंटित कोल ब्लॉक से कोयले का खनन शुरू नहीं करवा पाने के कारण महंगा कोयला अन्य स्त्रोतों से खरीदा गया। जो कोयला 4000 रूपये प्रति टन आता है उसे आयातित कोयला के रूप में 18 हजार प्रति टन की दर से पिछली सरकार ने खरीदा जिससे फ्यूल सरचार्ज का बोझ आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय राज्य के थर्मल बिजलीघर अपनी स्थापित क्षमता 7 हजार 580 मेगावाट के मात्र 50 प्रतिशत पर ही उत्पादन करते रहे। हमने पीएलएफ बढ़ाया है, जनरेशन प्लांट ठीक किये हैं तथा समय पर कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित कर उत्पादन क्षमता में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में रबी सीजन की मांग को पूरा करने के लिए पूर्ववर्ती सरकार ने अन्य राज्यों से बैंकिंग के जरिए बिजली उधार ली। हमारी सरकार को इस विषम परिस्थिति में भी इस कर्ज को स्वयं के राज्य की बिजली काटकर लौटाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पिछली सरकार ने 35 हजार 234 लाख यूनिट उधार ली जो अब लौटानी पड़ रही है। जुलाई तक लगभग 24 हजार लाख यूनिट लौटाई जा चुकी है और आगामी दो माह में लगभग 11 हजार लाख यूनिट बिजली और लौटाई जानी है।

ऊर्जा राज्य मंत्री ने बताया कि औसत बिजली कटौती वर्ष 2022 के मुकाबले वर्ष 2024 में काफी कम रही है। उन्होंने कहा कि हम वर्ष 2027 तक किसानों को दो ब्लॉक में दिन में बिजली देंगे। कृषि कनेक्शनों को लेकर हमारी सरकार ने 1.50 लाख कनेक्शन जारी करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि सभी कृषि कनेक्शन आगामी दो वर्ष में दिन में शिफ्ट किये जाएंगे तथा सोलर से जोड़े जाएंगे। श्री नागर ने बताया कि 1000 मेगावाट के सोलर संयंत्र सरकारी कार्यालयों पर लगाये जाएंगे, इसकी बिड जारी कर दी गई है।

# लावारिस नाबालिग बालक को चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने भिजवाया संप्रेषण गृह

बढ़ता राजस्थान

**चूरू ( नि.स. )।** चाइल्ड हेल्प लाइन की चूरू टीम ने शनिवार को दिल्ली से बीकानेर जाने वाली एक्सप्रेस सवारी गाड़ी में बिना टिकट और लावारिस हालत में मिले नाबालिग बालक को संप्रेषण गृह भिजवाया।

जिला परियोजना अधिकारी पन्ने सिंह ने बताया कि दिल्ली से बीकानेर जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन में सहायक उप निरीक्षक राजेश कुमार व सुमंत कुमार को साथ प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर गाड़ी को चेक करने के दौरान साधारण कोच में लगभग 14 वर्षीय बालक गुमसुम हालत में बैठा मिला। रेलवे पुलिस प्रभारी ने यात्रियों से पूछताछ की तो यात्रियों ने बताया कि बालक कुछ भी नही बता रहा है। पुलिस प्रभारियों ने बालक को रेल्वे चौकी लाकर चाइल्ड हेल्प लाइन टीम को सूचना दी। सूचना मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन की चूरू टीम ने रेल्वे पुलिस चौकी पहुंचकर रेलवे पुलिस द्वारा सुपुर्दगी पत्र के साथ बालक को चाइल्ड हेल्प लाइन को सुपुर्द किया। चाइल्ड हेल्पलाइन ऑफिस में काउंसलर वर्षा कंवर द्वारा बातचीत करने पर बालक ने बताया कि उसका नाम लोकेश डांगी है।

वह उदयपुर जिले के आंजना गांव का रहने वाला है। उसके पिता का नाम प्रकाशचंद डांगी व माता का नाम केशर बाई है। बालक ने बताया कि वह दो तीन दिन से स्कूल नहीं जा रहा था। घर से स्कूल बैग और साइकिल लेकर निकल जाता था। यह सूचना स्कूल प्रिंसिपल ने घर वालो को दी तो इस बात का पता चलने पर वह भय के कारण घर से निकल गया तथा दिल्ली वाली ट्रेन में बैठकर चूरू पहुंच गया। पन्ने सिंह ने बताया कि बालक के घर वालों का पता लगा लिया गया है। बालक का सवास्थ्य परीक्षण करवा कर बाल कल्याण समिति चूरू के समक्ष पेश किया गया और बाल कल्याण समिति ने बालक को संप्रेषण ग्रह के आदेश दिए। इस कार्यवाही में चाइल्ड हेल्प लाइन टीम के सुपरवाइजर नरपत सिंह, रविन्द्र सिंह, सुभाष कुमार, अमन छापरवाल, निखिल सिंह, रूपेंद्र रिड़खाल आदि ने सहयोग किया।



# मोबाइल लूट कर मोबाइल से पैसे निकालने वाले एक आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मदद की आड में मोबाइल लूट कर मोबाइल से पैसे निकालने वाले एक आरोपित को पकडा है और साथ ही चोरी किया गया मोबाइल और धोखाधडी से निकाले गए आठ हजार छह सौ रूपये बरामद किए है। इसके पुलिस ने आरोपित के पास से वारदात में प्रयुक्त एक दुपहिया वाहन भी बरामद किया है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मदद की आड में मोबाइल लूट कर मोबाइल से पैसे निकालने वाले घनश्याम बैरवा उर्फ लोदी निवासी शिवदासपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है। जानकारी में सामने आया है कि पीड़ित राजू प्रजापत अपने मोबाइल से किसी अन्य व्यक्ति से बात कर रहा था जिसके पास जाकर आरोपित ने अपनी मोटरसाइकिल में तेल खत्म होने की बात कहकर तेल डलवाने के लिये किसी आदमी को फोन कर पीड़ित के फोन में 200 ट्रांसफर करवाने की बात कहकर मदद मांगी। जिस पर पीड़ित ने आरोपित को मोबाइल दे दिया। आरोपित ने परिवादी का स्क्रीन लॉक खोलते हुए पैटर्न देख लिया और मोबाइल पर बात करने का झूठा नाटक कर थोड़ी दूर तक मोबाइल को कान पर लगा रखा। आरोपित व पीडित में थोडी गेप होने पर उसका मोबाइल लेकर भाग गया तथा एक ई मित्र पर जाकर उससे बीमारी में नकद रुपयों की आवश्यकता होना बताकर उसको पीड़ित के फोन से स्वयं ने 8 हजार 8 सौ ऑनलाईन ट्रांसफर कर दिये और मित्र संचालक से नगद रुपये लेकर चला गया।

# अपहरण कर रुपये ट्रांसफर करवाने वाली गैंग का मुख्य सरगना गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मानसरोवर थाना पुलिस ने अपहरण कर रुपये ट्रांसफर करवाने वाली गैंग के मुख्य सरगना अशोक चौहान को गिरफ्तार किया है और साथ अन्य सहयोगी साथियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मानसरोवर थाना पुलिस ने अपहरण कर रुपये ट्रांसफर करवाने वाली गैंग के मुख्य सरगना अशोक चौहान निवासी कासगंज उत्तर प्रदेश हाल मानसरोवर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने 25 जुलाई को एक युवक का अपहरण कर रुपये ट्रांसफर करवाने की वारदात को अंजाम देना कबूला है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## कोचिंग संस्थानों व लाईब्रेरियों पर सख्त नगर परिषद व अग्निशमन विभाग

# दर्जन भर से अधिक संस्थानों के किये सघन निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली ( नि.स. )।** देश की राजधानी नई दिल्ली में कोचिंग सैंटरों के बेसमेंट में वर्षा जल भराव से हुई छात्रों की मृत्यु एवं जयपुर में भी बेसमेंट में जल भराव से हुई एक बिहारी परिवार के तीन सदस्यों की मृत्यु की घटना के बाद प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। उल्लेखनीय है कि उक्त घटना के बाद जयपुर ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने भी कई कोचिंग संस्थानों का औचक निरीक्षण करते हुये नोटिस थमाये थे। इसी क्रम में शनिवार को कस्बे के लाल कोठी स्थित दर्जन भर से अधिक कोचिंग संस्थानों व लाईब्रेरियों में नगर परिषद एवं अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम पहुँची। नगर परिषद जेईएन भादर सिंह यादव व एएफओ सत्यनारायण वर्मा के नेतृत्व में टीम के सदस्यों व पुलिसकर्मियों ने कोचिंग संस्थानों व लाईब्रेरियों का सघन निरीक्षण करते हुये सुरक्षा के तय मानकों की पालना की जानकारी ली। टीम के सदस्यों ने आपात स्थिति में आगजनी जैसी घटनाओं पर काबू पाने, कमरों व बिल्डिंग के मुख्य द्वार से निकासी, वेन्टीलेशन समेत सफाई व्यवस्था एवं अन्य कई सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया। उक्त कार्यवाही से संचालकों में हडकम्प मच गया। टीम के सदस्यों ने विभिन्न कमियां सामने आने पर करीब आधा दर्जन से अधिक संस्थानों को नोटिस जारी किये है। नगर परिषद प्रशासन का कहना है कि तय सुरक्षा मानकों से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



# रावतभाटा नगर मंडल भाजपा के पदाधिकारी ने किया कांवड़ियों का स्वागत-सत्कार

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** भाजपा मीडिया प्रभारी पदमा सोनी ने बताया कि गेपरनाथ मंदिर से करीब 45 किलोमीटर चलकर मानव मंदिर रावतभाटा पहुंचे कावड़ियों का भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारीयों ने फूलमाला व पुष्प वर्षा से स्वागत कर आरती उतारी। महादेव का अभिषेक करने के पश्चात सभी कांवड़ियों को फलाहार करवाया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा, रामेश्वर चौधरी, जय भारती, रौनक चौधरी, भुवनेश नागर, पार्षद मनीष गिरी, पदमा सोनी , विनीता अग्रवाल, सुमन बुनिया, अविनाश मित्तल, पप्पू पंडित, मनोज मेहरा, जितेंद्र जैन, यशवंत सेन, मुकेश शर्मा, सुनील, प्रेम चौधरी आदि कई कार्यकर्ता ने अपनी सेवाए दी।



# भारतीय अंगदान दिवस पर लोगों को किया जागरूक दिलाई शपथ



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. )।** सीएमएचओ के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर भारतीय अंगदान दिवस का आयोजन कर आमजन को शपथ दिलाई गई। डॉ संतोष वर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर आमजन को अंगदान के बारे में जानकारी दी तथा आमजन को इसके महत्व के बारे में बताया । एक अंग दाता आठ लोगों की जान बचा सकता है, जो अंग विफलता से पीड़ित लोगों के लिए आशा की किरण है। रविकांत जांगिड़ जिला नोडल अधिकारी द्वारा आमजन को अंगदान दिवस पर शपथ दिलाई गई । दुनिया में प्रत्येक 39 मिनट में एक व्यक्ति का जीवन अंग में विकार से समाप्त हो रहा है। इन्हें अंगदान से नया जीवन मिल सकता है। कुछ वर्षों में अंगदान को लेकर पहल हुई है। अब अंगदान के प्रति जागरूकता के लिए केंद्र सरकार की ओर से नया कदम उठाया गया है। प्रत्येक तीन अगस्त को भारतीय अंगदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया गया है।

# नि:शुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपुतली ( नि.स. )।** कोटपूतली के ग्राम कराणा में आरोग्य मल्टीस्पेशलिटी हेल्थ सेन्टर बस स्टैंड स्थित पे शर्मा हॉस्पिटल के तत्वाधान में शनिवार को विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया।शर्मा हॉस्पिटल कि नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पूजा ने बताया की शिविर में 110 मरीजों की आंखों की जाँच कर 30 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया। जिनका ऑपरेशन शर्मा हॉस्पिटल कोटपूतली में किया जायेगा।कैंप में नि:शुल्क फिजियोथेरेपी की सुविधाएँ भी प्रदान कराई गयी। इस दौरान शर्मा हॉस्पिटल टीम के मार्केटिंग सलाहाकार सुनिल यादव, फ़िज़ियोथेरेपिस्ट दीपा चौधरी ,दिपक गुप्ता, सुभाष यादव दिनेश कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार आमजन को संवेदनशील, पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सेवा के अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं अभियोजन स्वीकृति के विचाराधीन विभिन्न प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण किया। मुख्यमंत्री ने 7 प्रकरणों में सेवारत अधिकारियों को सीसीए नियम 16 एवं 17 के अन्तर्गत दण्डित करने तथा 4 सेवानिवृत्त अधिकारियों पर आरोप के समानुपातिक पेंशन रोकने का निर्णय किया। साथ ही, सेवानिवृत्त अधिकारी के विरूद्ध संचालित एक अन्य प्रकरण में प्रमाणित आरोप का अनुमोदन तथा 2 प्रकरणों में आरोप अप्रमाणित पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को दोषमुक्त किया। शर्मा ने राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार के प्रकरणों में न्यायालय से दोषसिद्धि के 2 प्रकरणों में दोषी चिकित्सकों को राजकीय सेवा से पदच्युत किए जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया तथा भ्रष्टाचार निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2018 के अन्तर्गत प्रस्तुत 3 प्रकरणों में अभियोजन स्वीकृति भी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने सीसीए नियम 34 में प्रस्तुत 3 पुनरावलोकन याचिकाएं संतोषजनक तथ्यों के अभाव में खारिज तथा अनिवार्य सेवानिवृति के 1 प्रकरण में प्रस्तुत अपील अंतर्गत नियम 53(4) को अस्वीकार किया।

# निर्वाचन विभाग द्वारा मतदान केंद्रों में लगाए गए विशेष शिविर

बढ़ता राजस्थान



**रावतभाटा ( नि.स. )।** निर्वाचन विभाग की ओर से 17 से 18 वर्ष के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने के लिए शहर के सभी मतदान केंद्रों में विशेष शिविर लगाए गए। परमाणु बीजलीघर की आवासीय कॉलोनी में स्थित परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय क्र 4 में बूथ संख्या 282 से बीएलओ नवल वर्मा,283 से विशंभर मीणा,284 से हश्वर्धन मौजूद रहे इस दौरान शिविर में मौजूद पार्षद मनीष गिरी ने बीएलओ के साथ प्रधानाचार्य से भेट की एवम् उन्हे शिविर की जानकारी दी एवम् विद्यालय में मौजूद अध्यापकों एवम् 12 वी कक्षा के पढ़ रहे छात्र छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप स्मार्ट फोन में डाउनलोड करके मतदाता पहचान पत्र के लिए रजिस्टर करने की पूर्ण जानकारी दी इस दौरान पार्षद मनीष गिरी ने विद्यार्थियों अपने एवम् सभी बीएलओ के फोन नंबर दिए एवम वोटर हेल्पलाइन एप से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु पूर्ण सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

## सम्पादकीय

# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में अवसर

पिछले कुछ समय से भारत से वस्तुओं के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक सामान की हिस्सेदारी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही है। इस वर्ष जून में इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात सालाना आधार पर 16.91 प्रतिशत बढ़ा। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में इसमें 21.64 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई। इलेक्ट्रॉनिकी विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि की असीम संभावनाएं हैं और इस खंड पर विशेष ध्यान देने एवं नीतिगत समर्थन से वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) के साथ इसका जुड़ाव बढ़ सकता है। देश में रोजगार के अवसर तेजी से उपलब्ध कराने की अदद जरूरत है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र महत्त्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इस क्षेत्र में वर्ष 2018 से 2022 के बीच रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। आर्थिक समीक्षा में भी इस बात का उल्लेख किया गया है। परंतु, विश्व में 4.3 लाख करोड़ डॉलर के इलेक्ट्रॉनिकी बाजार में भारत की हिस्सेदारी लगभग 2 प्रतिशत है। दुनिया में इस क्षेत्र पर चीन का खास दबदबा है और इन वस्तुओं के कुल निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 30 प्रतिशत रही है। वियतनाम और मलेशिया जैसे तेजी से उभरते बाजारों ने भी इस खंड में तुलनात्मक रूप से अपनी स्थिति मजबूत कर ली है और इलेक्ट्रॉनिकी जीवीसी में इनकी हिस्सेदारी 4 प्रतिशत पहुंच गई है। इस परिप्रेक्ष्य में नीति आयोग की नई रिपोर्ट 'इलेक्ट्रॉनिक्स: पावरिंग इंडियाज पार्टिसिपेशन इन जीवीसी' में उल्लेख किया गया है कि देश में इलेक्ट्रॉनिकी क्षेत्र में उत्पादन 2017 से 2022 के बीच दोगुना हो गया और इसमें 13 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज दर से तेजी आई। यह वृद्धि दर अनुकूल अवसरों की ओर इशारा करती है, मगर और अधिक विस्तार एवं एकीकरण में चुनौतियां होने का भी संकेत देती है। वर्तमान समय में भारत में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन में मुख्यत: मोबाइल फोन, टेलीविजन, रेफ्रिजरेटर और दूरसंचार उपकरण बाजार में उतारने के लिए तैयार किए जाते हैं।

विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों के लिए आयात पर निर्भरता और डिजाइन की सीमित गुंजाइश के कारण मूल्य व्यवस्था में ऊपर उठने की देश की क्षमता प्रभावित हो जाती है। भारत में स्थानीय स्तर पर पुर्जों के विकास की क्षमता सीमित होने का प्रमुख कारण ऊंची शुल्क संरचना है। यहां औसत शुल्क दर 7.5 प्रतिशत है, जो चीन, वियतनाम, थाईलैंड और मलेशिया (जहां शुल्क 4 प्रतिशत से कम है) से अधिक है। इसके अलावा, अतिरिक्त कर एवं अधिभार भी लगते हैं, जिनसे स्थानीय स्तर पर उत्पादन अधिक महंगा हो जाता है। ऊंचे शुल्कों के कारण विनिर्माता विदेश से पुर्जे मंगाने को अधिक तवज्जो देते हैं, जिसका सीधा असर देश में इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण पर पड़ता है। कुल मिलाकर, ऊंचे शुल्क एवं सामग्री पर होने वाले खर्च, ढुलाई एवं वित्तीय लागत के कारण यह क्षेत्र 14-18 प्रतिशत संचयी लागत अक्षमता का सामना कर रहा है। श्रम लागत कम होने के बावजूद कमजोर श्रम उत्पादकता के कारण भारत इसका लाभ लेने में सदैव जूझता रहा है। इन चुनौतियों को देखते हुए भारत में विनिर्माण, विशेषकर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्र पर नकारात्मक असर डालने वाले कारकों का समाधान खोजा जाना चाहिए। बड़े क्षेत्रीय या आर्थिक व्यापार गुटों से भारत का बाहर रहना एक प्रमुख बाधा रही है।

# यह आरोप गलत है कि मोदी सरकार में अल्पसंख्यक मंत्रालय के बजट में अनदेखी होती रही है

**झारखंड में बड़े पैमाने पर आदिवासी वोटर निवास करते हैं। ऐसे में राहुल गांधी संसद के जरिए झारखंड में आदिवासी वोटरों को भी साधते हुए दिखे। झारखंड विधानसभा चुनाव में स्थानीय पार्टियों का ही दबदबा रहा है। मौजूदा वक्त में इंडिया गठबंधन में शामिल झामुमो सरकार में है और हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री हैं। झारखंड में सत्ता की चाबी महतो यानी कुर्मी और मांझी मतदाताओं को पास होती है। माना जाता है कि ये जिधर जाएंगे सरकार उसी की बनती है। राज्य में इन दोनों समुदाय की हिस्सेदारी 50 फीसदी से अधिक है। राज्य में आदिवासी वोटरों की संख्या 27 फीसदी से अधिक है तो कुर्मी 25 फीसदी के आसपास हैं।**

**अशोक भाटिया।**



चार राज्यों में विधानसभा चुनाव और उत्तरप्रदेश में उपचुनाव से पहले राहुल गांधी संसद में ओबीसी का मुद्दा उठाते नजर आए। राहुल गांधी ने फिर दोहराया कि केंद्र सरकार सरकार ओबीसी, अल्पसंख्यक और आदिवासियों के साथ अनदेखी कर रही है। सरकार में ओबीसी और आदिवासियों को तरजीह नहीं दी जा रही है। बजट बनाने में 20 अधिकारी लगे थे, लेकिन उसमें पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदाय के केवल दो अधिकारी थे।देश में जनसंख्या के लिहाज से देखें तो सबसे ज्यादा दबदबा अन्य पिछड़ा वर्ग का है। इसकी आबादी 50 प्रतिशत से भी ज्यादा है। इस बार के चुनाव में ओबीसी वोटर का एक बड़ा वर्ग कांग्रेस के साथ नजर आया था ।

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में 'संविधान बचाओ' एक अहम मुद्दा था। विपक्ष दावा करता रहा कि केंद्र में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनी तो वो संविधान में बदलाव कर सकती है और देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों समेत अन्य जातियों को मिले आरक्षण को खत्म कर सकती है। इसका असर ये हुआ है कि 2019 में 300 पार सीट हासिल करने वाली भाजपा 240 सीटों पर सिमट गई। कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी पार्टियों के वोट बैंक में इजाफा देखने को मिला है। पिछले चुनाव में 52 सीटें पाने वाली कांग्रेस इस बार 99 पर पहुंच गई जबकि 2014 के चुनाव में 50 सीट का आंकड़ा भी नहीं पार कर सकी थी। पर यदि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहले बजट का अध्ययन करें तो हम देखेंगे कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश किया। युवाओं और महिलाओं साथ-साथ देश के अल्पसंख्यकों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए मोदी सरकार बजट में मेहरबान दिखी। वित्त मंत्री ने अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के बजट में 20 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी की है। मोदी सरकार ने केंद्रीय बजट में इस बार अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के लिए कुल 3183.24 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रावधान किया है, जो पिछले बजट की तुलना में 574.31 करोड़ रुपये अधिक है। वित्त मंत्री ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय के लिए इस वर्ष बजट में 3,183.24 करोड़ रुपये देने का प्रावधान रखा है, जिसमें मंत्रालय की प्रमुख स्कीम के लिए कुल 2120.72 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अल्पसंख्यक मंत्रालय के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक 'प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम' के लिए इस बार 910.90 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रावधान किया गया है।मोदी सरकार के द्वारा दिए गए 3183.24 करोड़ रुपये के बजट में 1575.72 करोड़ रुपये अल्पसंख्यक समुदाय की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए रखा गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के लिए प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए बजट में 326.16 करोड़ रुपये आंवटित किया गया है। साथ ही मंत्रालय ने अल्पसंख्यकों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 1145.38 करोड़ रुपये दिए हैं। केंद्र की मोदी सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में मंत्रालय के लिए 3097.60 करोड़ रुपये के आवंटन का प्रस्ताव किया गया था। हालांकि, संशोधित बजट में यह राशि 2608.93 करोड़ रुपये हो गई थी। सरकार ने वित्त वर्ष 2024-25 के बजट में अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय को 3183.24 करोड़ रुपये आवंटित करने का प्रस्ताव किया है, जो 574.31 करोड़ रुपये अधिक है।मनमोहन सरकार की तुलना में मोदी सरकार में अल्पसंख्यक मंत्रालय का बजट बढ़ा है, लेकिन जिस तरह से मोदी सरकार 2014 में आने के बाद से अल्पसंख्यक समुदाय पर मेहरबान नजर आ रही थी, उसमें कमी जरूर आई है। यूपीए सरकार से तुलना करेंगे तो उस लिहाज से एक हजार करोड़ की अल्पसंख्यक मंत्रालय के बजट में बढ़ोतरी दिखेगी, लेकिन मोदी सरकार के 2014 से लेकर 2024 तक किए गए बजट के लिहाज से देखें तो उस लिहाज से भले ही कमी नजर आएगी। हालांकि, देश की सत्ता पर नरेंद्र मोदी के काबिज होने के बाद माना जा रहा था कि केंद्र सरकार अल्पसंख्यक मंत्रालय को ही खत्म कर देगी, लेकिन मोदी सरकार ने ऐसा नहीं किया। इतना ही नहीं अल्पसंख्यकों के विकास के लिए केंद्र सरकार द्वारा मिलने वाला बजट भी दूसरे कार्यकाल तक हर साल बढ़ता ही रहा। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में यानि 2014 से लेकर 2019 तक अल्पसंख्यकों पर मोदी सरकार खास मेहरबान नजर आई। ऐसे लगा कि कांग्रेस नेतृत्व वाली यूपीए सरकार से भी ज्यादा खजाना अल्पसंख्यकों के विकास के लिए खोल दिया। अल्पसंख्यक समुदाय के विकास के लिए अलग से अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय का गठन मनमोहन सरकार के पहले कार्यकाल में साल 2006 में हुआ। कांग्रेस नेतृत्व वाली तत्कालीन यूपीए सरकार ने पहली बार 2006 में अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 143 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। उसके बाद से केंद्र सरकार बजट में अल्पसंख्यक मंत्रालय पर मेहरबान रही। 2009-10 के बजट में अल्पसंख्यक कल्याण के मद में 740 करोड़, 2010-11 में 760 करोड़, 2011-12 में 330 करोड़ और 2012-13 में 305 करोड़ रुपये का इजाफा किया गया था।नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा 2014 में सत्ता में आई थी। मोदी सरकार ने अपना पहला बजट 2014-15 में पेश किया। भाजपा और मुस्लिमों के बीच जिस तरह विरोधाभास रहा है, उससे लग रहा था कि मोदी सरकार अल्पसंख्यक मंत्रालय को कोई खास तवज्जो नहीं देगी। पीएम मोदी ने इन कयासों को तोड़ते हुए अपने मूल मंत्र 'सबका-साथ, सबका-विकास' के तहत अल्पसंख्यकों पर दिल खोलकर खजाना लुटाया।मोदी सरकार ने अपने पहले बजट में यानि 2014-15 में 3711 करोड़ रुपये का धन अल्पसंख्यक मंत्रालय को आवंटित किया था। वहीं, 2013-14 में मनमोहन सिंह की सरकार ने 3511 करोड़ रुपये दिए थे। इस तरह मोदी सरकार ने मनमोहन सरकार के आखिरी बजट की तुलना में 200 करोड़ रुपये अल्पसंख्यकों को ज्यादा दिया। इसके बाद मोदी सरकार ने दूसरा बजट 2015-16 में पेश किया। इस बार अल्पसंख्यक कल्याण के लिए मोदी सरकार ने बजट में 3712.78 करोड़ रुपये आवंटित किए। इस तरह मोदी सरकार ने अपने पहले बजट की तुलना में पौने दो करोड़ रुपये का मामूली इजाफा किया।केंद्र की मोदी सरकार ने अपना तीसरा बजट 2016 में पेश किया था। सरकार ने साल 2016-2017 के बजट में भी अल्पसंख्यकों पर मेहरबानी दिखाई और अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 3800 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इस तरह पिछले बजट की तुलना में करीब 88 करोड़ की बढ़त दर्ज की गई। मोदी सरकार ने चौथे बजट में 395 करोड़ बढ़ाया, अपने चौथे बजट में मोदी सरकार अल्पसंख्यकों पर खूब मेहरबान नजर आई। 2017-18 के बजट में मोदी सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण के लिए 4194 करोड़ रुपये आवंटित किया, जो पिछले बजट की तुलना में 395 करोड़ का ज्यादा था। मुख्तार अब्बास नकवी ने इसे अब तक की सबसे बड़ी बढ़ोतरी बताया था। ये अल्पसंख्यक मंत्रालय के इतिहास में सबसे ज्यादा था। भाजपा के सत्ता में आने के बाद चार बजट को देखें तो करीब 500 करोड़ रुपये का इजाफा था।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**वृष**
संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**मिथुन**
स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

**कर्क**
अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**सिंह**
बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**कन्या**
नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें।

**तुला**
हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**वृश्चिक**
आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**धनु**
आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**मकर**
आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। मित्रों से मुलाकात होगी।

**कुंभ**
माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी।

**मीन**
आज धन का व्यय अधिक होगा। आज नियम विरुद्ध कामों से दूर रहें। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। धन लाभ होगा। आपका व्यवहार न्यायपूर्ण रहेगा।

## शख्सियत

**जमीन से जुड़ाव हमें ना सिर्फ हमारी संस्कृति और संस्कारों से जोड़े रखता है अपितू व्यक्ति हमेशा यतार्थ में ही जीता है, जीना कोई जीवन नहीं जब तक उसमें यतार्थ ना हो......**

नमस्कार मित्रों, हमारी आज की शख्सियत हैं 20 अगस्त 1980 को अलवर के सोहनपुर तहसील मालखेड़ा में जन्में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सोहन सिंह नरुका। इनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि ग्रामीण कृषक के रूप में रही इसलिए शायद आज भी जमीन से जुड़े हुए हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गाँव के प्राथमिक स्कूल में मिडिल स्कूल महुवा स्कूल, माध्यमिक शिक्षा कलसाड़ा, उच्च माध्यमिक मालखेड़ा स्कूल,बी.एससी राज ऋषि कॉलेज अलवर से की और राजकीय सेवा के लिए अध्यन व .प्रतियोगिता की संपूर्ण तैयारी घर से ही की थी। इनका चयन स्कूल शिक्षक पावटा जयपुर में हुआ। लेकिन इनका सपना तो अपनों का नाम रोशन करने का था इसलिए सन 2010 में आरटीएस बने और पहली पोस्टिंग तहसीलदार यूआईटी अलवर रही। उसके बाद तहसीलदार कुम्हेर भरतपुर, तहसीलदार नगर भरतपुर,तहसीलदार डीग भरतपुर,उप पंजीयक भरतपुर वहां से राजस्थान प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत 2020 में हुए । जहां आयुक्त नगर परिषद अलवर व भूमि अवाप्ति अधिकारी यूआईटी अलवर व उपखंड अधिकारी बदनोर ब्यावर रहे। फिलहाल उपायुक्त नगर निगम जयपुर हेरिटेज पद का सुशोभित कर रहे हैं। इनकी धर्मपत्नी मीनाक्षी चौहान भी राजकीय सेवाओं में एडीशनल कमीशनर हैं। वाणिज्यिक कर विभाग अलवर में कार्यरत हैं। भरतपुर में 2018 में श्रेष्ठ तहसीलदार के रूप में इन्हें सम्मानित किया गया। ब्यावर में 2023 में श्रेष्ठ उपखण्ड अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया। यूआईटी की शानदार कॉलोनी शालीमार नगर एव विज्ञान नगर योजना का अवार्ड एव विकास के लिए सम्मान मिला। कोरोना काल में नगर परिषद कमिशनर रहते हुए 272 दाह संस्कार करवाये। यूआईटी की लगभग 1100 करोड़ की सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त करवाई। प्रशासन शहरों के संग अभियान में 7000 से ज़्यादा पट्टे जारी करने जैसे बड़े कार्य किए। मिलनसार व्यक्तितत्व और सरल व सहज शालीनता इसके परवरिश का एक बड़ा हिस्सा है। तत्कालीन कलेक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी की लगभग सभी जनसुनवाई में डीएम सोनी द्वारा निर्देशित पिड़ित या परिवादी को अंतिम छोर तक निस्तारित किए जाने के अनुपम प्रयासों में इनका नाम स्वर्ण अक्षरों में आता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**



सोहन सिंह नरूका
( आरएएस अधिकारी )

## आज का इतिहास

### 4 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- केस्सिओपिया में सुपरनोवा 1181 में देखा गया।
- एवेशम की लड़ाई में ब्रिटेन के प्रिंस एडवर्ड ने 1265 में साइमन डी मोंटफोर्ट को हराया।
- जोहान मॉरिशस डच 1636 में ब्राजील के गवर्नर बनाये गये।
- नीदरलैंड और इंग्लैंड के बीच 1666 में समुद्री लड़ाई हुई।
- सिस्टोवा समझौते के बाद ऑटोमन और हब्सबर्ग के बीच 1791 मेंयुद्ध की समाप्ति हुई।
- ब्रिटिश रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थापना 1870 में हुई।
- कोलंबिया ने 1886 में संविधान अंगीकार किया।
- प्रथम विश्वयुद्ध में जर्मनी ने 1914 में बेल्जियम और ब्रिटेन ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान जर्मन सेना ने 1915 में वारसॉ पर क़ब्ज़ा कर लिया।
- यूरोपीय देश बेल्जियम में 1930 को बाल मजदूर कानून बनाया गया।
- भारत शासन अधिनियम 1935 को महारानी की स्वीकृति मिली।
- जापान में सुप्रीमकोर्ट की स्थापना 1947 में की गई।
- पाकिस्तानी सरकार ने 1954 में हफीज़ जालंधरी द्वारा लिखे गए गीत 'पाक सरज़मीन' को राष्ट्रगान के रूप में अपनाने पर सहमति दी।
- भारत का पहला परमाणु अनुसंधान रिएक्टर 'अप्सरा' में 1956 को शुरू हुआ।
- दक्षिणी चीन में 1964 को टोनकन खाड़ी में अमरीका और वियतनाम की युद्ध के दौरान अमरीका को पराजय हुई। अमरीका ने इसी बहाने उत्तरी वियतनाम के साथ युद्ध आरंभ कर दिया।
- विश्व के सबसे लम्बे नागार्जुन सागर बांध का निर्माण 1967 में हुआ।
- अमेरीका ने 1967 को नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
- मोहम्मद ख़ातेमी 1997 में ईरान के राष्ट्रपति बने।
- चीन ने 1999 में अमेरिकी सेना के विमानों की नियमित उड़ानों को हांगकांग में उतरने की अनुमति देने से इंकार किया।
- रूस व उत्तरी कोरिया में 2001 को सामरिक समझौता हुआ।
- 'नासा' ने 2004 में एल्टिक्स सुपर कम्प्यूटर केसी को 'कल्पना चावला' नाम दिया।
- नासा ने 2007 में मंगल ग्रह की खोज के लिए फ़ीनिक्स मार्स लैंडर नामक एक अमरीकी अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण किया गया।
- सरकार ने 2008 में भारतीय जहाजरानी निगम (एससीआई) को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया।

### अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- मेवाड़ के शासक और महाराणा प्रताप के पिता राणा उदयसिंह का जन्म 1522 ई. को हुआ था।
- संगीतज्ञ लुईस लुली का जन्म 4 अगस्त 1664 को हुआ था।

## विशेष आलेख

### अन्तर्राष्ट्रीय मित्रता दिवस

# दोस्ती है जादुई संवेदनाओं को जगाने का सशक्त माध्यम

**ललित गर्ग**

मित्रता हर रिश्ते में प्रेम, विश्वास एवं आत्मीयता का रस घोलती है। दोस्ती एक अनूठा एवं विलक्षण रिश्ता है, जिसमें हम बिना संकोच के अपनी वास्तविकता प्रकट कर देते हैं। यह रिश्ता कर्तव्यों, नियमों एवं बंधनों से मुक्त है। यह रिश्ता हमें स्वतंत्रता देता है, जिससे हम जैसे हैं, वैसे ही रह सकते हैं। इन्हीं विशेषताओं के कारण दुनियाभर में प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के प्रथम रविवार को अंतरराष्ट्रीय मैत्री (मित्रता) दिवस मनाया जाता है। इसके पीछे की भावना हर जगह एक ही है- मित्रता एवं दोस्ती का सम्मान। मैत्री का दर्शन बहुत विराट है, स्वस्थ निमितों की श्रृंखला में यह सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। बिना किसी आग्रह एवं स्वार्थ के जो मैत्री स्थापित करता है, वह सबके कल्याण का आकांक्षी रहता है, सबके अभ्युदय में स्वयं को देखता है और उसके जीवन में विकास के नये आयाम खुलते रहते हैं। जीवन खूबसूरत प्रतीत होता है। इसमें अपने-पराये का भेद नहीं रहता, न प्रतिस्पर्धा और न छोटे-बड़े की सीमा-रेखा होती है। वास्तव में मित्र उसे ही कहा जाता है, जिसके मन में स्नेह की रसधार हो, स्वार्थ की जगह परमार्थ की भावना हो, ऐसे मित्र सांसों की बांसुरी में सिमटे होते हैं, ऐसे मित्र संसार में बहुत दुर्लभ हैं। श्रीकृष्ण और सुदामा की, विभीषण और श्रीराम की दोस्ती इतिहास की अमूल्य धरोहर हैं।

विश्व मित्रता दिवस मनाते हुए एक प्रश्न उभरता है कि दोस्ती एवं मित्रता की इतनी आदर्श स्थिति एवं महत्ता होते हुए भी आज मनुष्य-मनुष्य के बीच मैत्री भाव का इतना अभाव क्यों है? क्यों है इतना पारस्परिक दुराव? क्यों है वैचारिक वैमनस्य? क्यों मतभेद के साथ जनमता मनभेद? ज्ञानी, विवेकी, समझदार होने के बाद भी आए दिन मनुष्य क्यों लड़ता झगड़ता है। विवादों के बीच उलझा हुआ तनावग्रस्त क्यों खड़ा रहता है। न वह विवेक की आंख से देखता है, न तटस्थता और संतुलन के साथ सुनता है, न सापेक्षता से सोचता और निर्णय लेता है। यही वजह है कि वैयक्तिक रचनात्मकता समाप्त हो रही है। पारिवारिक सहयोगिता और सहभागिता की भावनाएं टूट रही हैं। सामाजिक बिखराव सामने आ रहा है। धार्मिक आस्थाएं कमजोर पड़ने लगी हैं। आदमी स्वकृत धारणाओं को पकड़े हुए शब्दों की कैद में स्वार्थों की जंजीरों की कड़ियां गिनता रह गया है। ऐसे समय में दोस्ती का बंधन रिश्तों में नयी ऊर्जा का संचार करता है। सूरदास ने कहा है कि मित्रता का रिश्ता जीवन का सबसे मधुर रिश्ता होता है, जो जीवन में उत्कृष्टता का द्वार खोलता है। अंतरराष्ट्रीय मैत्री दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता है, दक्षिण अमेरिकी देशों से शुरू हुआ यह त्योहार उरुग्वे, अर्जेटीना, ब्राजील में 20 जुलाई को, पराग्वे में 30 जुलाई को, जबकि भारत, मलेशिया, बांग्लादेश आदि दक्षिण एशियाई देशों सहित दुनियाभर के बाकी देशों में यह अगस्त महीने के पहले रविवार को मनाया जाता है। दोस्ती वह रिश्ता है जो आप खुद तय करते हैं, जबकि बाकी सारे रिश्ते आपको बने-बनाये मिलते हैं। जरा सोचिए कि एक दिन अगर आप अपने दोस्तों से नहीं मिलते हैं, तो कितने बेचैन हो जाते हैं और मौका मिलते ही उसकी खैरियत जानने की कोशिश करते हैं। आप समझ सकते हैं कि यह रिश्ता कितना खास है। जोसेफ फोर्ट न्यूटन ने कहा कि लोग इसलिए अकेले होते हैं क्योंकि वह मित्रता का पुल बनाने की बजाय दुश्मनी की दीवारें खड़ी कर लेते हैं। हमें दोस्ती के नये मूल्य-मानक गढ़ने हैं, मित्रता को जीवन में सार्थक रूप में स्थापित करना है। मित्रता प्रेम का नहीं बल्कि करुणा का पर्याय होनी चाहिए। क्योंकि प्रेम में स्वार्थ है, राग-द्वेष के संस्कार हैं जबकि करुणा परमार्थ का पर्याय बनती है। आज जिस तकनीकी युग में हम जी रहे हैं, उसने लोगों को एक-दूसरे से काफी करीब ला दिया है। लेकिन साथ ही साथ इसी तकनीक ने हमसे सुकून का वह समय छीन लिया है जो हम आपस में बांट सकें। आज हमने पूरी दुनिया को तो मुट्ठी में कैद कर लिया है, लेकिन इसके साथ ही हम खुद में इतने मशगूल हो गये हैं कि एक तरह से सारी दुनिया से कट से गये हैं। नयी सभ्यता एवं नयी संस्कृति में ऐसी ही मानवीय संवेदनाओं को नई ऊर्जा देने के लिये अन्तर्राष्ट्रीय फ्रेंडस दिवस मनाया जाना एक सार्थक उपक्रम है। दोस्ती के सुखद रिश्ते के पांच मूलमंत्र है-एक-दूसरे की कमियों और अच्छाइयों को स्वीकार करना। एक-दूसरे की भावनाओं को समझना और सम्मान करना। रिश्ते में हल्कापन और खुशी बनाए रखना। एक-दूसरे के प्रति विश्वास और ईमानदारी रखना। रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए समय और ध्यान देना। इन मत्रों को अपनाकर हम एक आदर्श दोस्ती स्थापित कर सकते हैं। क्योंकि दोस्ती ही एक ऐसा रिश्ता है जो वार्तमानिक परिवेश में जबकि मानवीय संवेदनाओं एवं आपसी रिश्तों की जमीं सूखती जा रही है ऐसे समय में एक दूसरे से जुड़े रहकर जीवन को खुशहाल बनाने और दिल में जादुई संवेदनाओं को जगाने का सशक्त माध्यम है। क्षणिक और स्वार्थों पर टिकी मित्रता वास्तव में मित्रता नहीं, केवल एक पहचान मात्र होती है ऐसे मित्र कभी-कभी बड़े खतरनाक भी हो जाते हैं। जिनके लिए एक विचारक ने लिखा है- ''पहले हम कहते थे, हे प्रभु! हमें दुश्मनों से बचाना परन्तु अब कहना पड़ता है, हे परमात्मा, हमें दोस्तों से बचाना।'' दुश्मनों से भी ज्यादा खतरनाक होते हैं दोस्त। मित्रता दिवस दोस्ती को अभिशाप नहीं, वरदान बनाने का उपक्रम है। यह दिवस वैयक्तिक स्वार्थों को एक ओर रखकर औरों को सुख बांटने एवं दु:ख बटोरने की मनोवृत्ति को विकसित करने का दुर्लभ अवसर प्रदत्त करता है। इस दिवस को मनाने का मूल हार्द यही है कि दोस्ती में विचार-भेद और मत-भेद भले ही हों मगर मन-भेद नहीं होना चाहिए। क्योंकि विचार-भेद क्रांति लाता है जबकि मन-भेद विद्रोह। क्रांति निर्माण की दस्तक है, विद्रोह बरबादी का संकेत।



मित्रता का भाव हमारे आत्म-विकास का सुरक्षा कवच है। आचार्य श्री तुलसी ने इसके लिए सात सूत्रों का निर्देश किया। मित्रता के लिए चाहिए- विश्वास, स्वार्थ-त्याग, अनासक्ति, सहिष्णुता, क्षमा, अभय, समन्वय। यह सप्तपदी साधना जीवन की सार्थकता एवं सफलता की पृष्ठभूमि है। विकास का दिशा-सूचक यंत्र है। दोस्ती का यह दिवस आमंत्रित कर रहा है अपनी ओर, बांहें फैलाये हुए, हमें बिना कुछ सोचे, ठिठके बगैर, भागकर दोस्ती की पगडंडी को पकड़ लेने के लिये। जीवन रंग-बिरंगा है, यह श्वेत है और श्याम भी। दोस्ती की यही सरगम कभी कानों में जीवनराग बनकर घुलती है तो कहीं उठता है संशय का शोर। दोस्ती को मजबूत बनाता है हमारा संकल्प, हमारी जिजीविषा, हमारी संवेदना लेकिन उसके लिये चाहिए समर्पण एवं अपनत्व की गर्माहट। यह जीना सिखाता है, जीवन को रंग-बिरंगी शक्ल देता है। प्रेरणा देता है कि ऐसे जिओ कि खुद के पार चले जाओ। ऐसा कर सके तो हर अहसास, हर कदम और हर लम्हा खूबसूरत होगा और साथ-साथ सुन्दर हो जायेगी जिन्दगी। इसीलिये अमरीकी लेखिका हेलेन केलर ने कहा है कि मैं अकेले उजालें में चलने के बजाय अंधेरे में एक दोस्त के साथ चलना पसंद करुंगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक ने किया मालपुरा क्षेत्र का दौरा

## कृषि पर्यवेक्षक फसलो में लगने वाले कीट एवं बीमारी पर निगरानी रखे : सोलंकी

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने गुरुवार को मालपुरा क्षेत्र का दौरा किया, खरीफ फसलो की स्थिति का जायजा लिया एवं कृषि पर्यवेक्षको को फसलों में लगने वाले कीट व्याधि पर सतत निगरानी रख विभागीय सिफारिश के अनुसार किसानो को सलाह देने के निर्देश दिये।

कृषि अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने बताया कि संयुक्त निदेशक वीरेन्द्र सिंह सोलंकी ने खरीफ फसले मूंग, उड़द, बाजरा, ज्वार इत्यादि फसलो का निरीक्षण किया जिसमें मूंग की फसल में आशिंक फली छेदक लट का प्रकोप दिखाई दिया जिसके लिए मोनोक्रोटोफॉस 36 डबल्यू एस सी या क्यूनॉलफॉस 25 ई सी एक लीटर, प्रति हैक्टर की दर से छिडकाव करे अथवा क्यूनॉलफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 20 से 25 किलो प्रति हैक्टर की दर से भुरकाव कर सकते है, यदि आवश्यकता हो तो 15- 15 दिन के अन्तराल पर छिड़काव या भुरकाव को दोहरावे। संयुक्त निदेशक सोलंकी ने किसान सेवा केन्द्रो का निरीक्षण किया एवं कृषि पर्यवेक्षको को प्रत्येक गुरुवार को किसान सेवा केन्द्र का संचालन प्रात: साढ़े नौ बजे से सायं 6 बजे तक करने के निर्देश दिये। कृषि पर्यवेक्षक अपने स्तर पर कृषि के अनुदान की पत्रावली लम्बित नही रखे एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी किसानो को देने के निर्देश दिये। संयुक्त निदेशक ने चांदसेन में कृषि विभाग द्वारा अनुदानित ढैंचा फसल का निरीक्षण किया एवं ढैचा फसल की उन्नत तकनीक की जानकारी दी। संयुक्त निदेशक ने कृषि विभाग द्वारा लगाये जा रहे पौधो का निरीक्षण एवं इनकी सुरक्षा करने के निर्देश दिये। संयुक्त निदेशक के साथ सर्वे टीम ने लावा, धोली, डिग्गी,चौसला, चैनपुरा, चांवण्डिया, चांदसेन,इत्यादि गांवो का दौरा कर फसल स्थिति का किया इस अवसर पर सर्वे टीम में उपनिदेशक पौध व्याधि, डा. सूरज मल जाट, सहायक निदेशक महेश कुमार कुमावत, कृषि अधिकारी के एम गुर्जर, सहायक कृषि अधिकारी लल्लू प्रसाद यादव, कृषि पर्यवेक्षक हरि सिंह राजावत, मदन सिंह इत्यादि मौजूद थे ।

# पोस्टर का विमोचन हुआ



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** शिव कावड यात्रा समिति, मालपुरा के कार्यकर्ताओ को शनिवार को जामडोली मे स्थित श्री शक्ति पीठ मे दीदी साध्वी समदर्शी जी का सानिध्य प्राप्त हूआ साथ ही आगामी 11-12 अगस्त को बिसलपुर से मालपुरा निकलने वाली कावड़ यात्रा का पोस्टर विमोचन साध्वी समदर्शी जी ने किया। शिव कावड़ यात्रा समिति मालपुरा के कार्यकर्ताओ ने आज हवामहल विधायक आचार्य बालमुकुन्द जी महाराज ( हाथोज महामडलेश्वर) से हाथोज धाम( जयपुर) मे महाराज जी का सानिध्य प्राप्त हूआ साथ हि कावड यात्रा का पोस्ट विमोचन किया गया। साथ मे शिव कावड यात्रा समिति मालपुरा के सयोजक विकास शर्मा, विनोद साहू,धर्मेश,आदित्य उपस्थित रहे।

### झिलाय में प्रधानाचार्य संगोष्ठी सम्पन्न

## विद्या भारती के विद्यालय संस्कार के केन्द्र : कुर्मी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** भारतीय शिक्षा प्रचार समिति के द्वारा संचालित आदर्श विद्या मन्दिरों के प्रधानाचार्यो की संगोष्ठी शनिवार को माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर में आयोजित हुई। प्रधानाचार्य संगोष्ठी में जिला व्यवस्थापक वेदप्रकाश कुर्मी ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय संस्कार के केन्द्र है, विद्या भारती द्वारा बालकों में बौद्धिक, मानसिक, शारीरिक विकास की और अग्रसर करने का कार्य कर रही है। जिला सह व्यवस्थापक सत्यनारायण वर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्य जिले की धुरी है, प्रधानाचार्य बालको के शैक्षणिक उत्थान में कार्य करे, कमजोर बालको के प्रति विशेष ध्यान देवे एवं अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर उन्हें अग्रणी लाने का प्रयास करे। जिला सचिव दिनेश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानाचार्य संगोष्ठी का प्रमुख उद्देश्य प्रधानाचार्य की कार्य कुशलता मे विकास करना है। इस अवसर पर प्रान्तीय पर्यावरण संयोजक कजोड़मल गुर्जर, जिला संस्कार प्रमुख राजेश कुमार शर्मा, संकुल निरीक्षक सुरेशचन्द पारीक, गोविन्द सिंह, सूरज मल शर्मा, भवानी शंकर शर्मा, गोपाल गुर्जर, पुरुषोत्तम शर्मा, गोपाल वैष्णव, विजय सिंह राजावत, सीमा माथुर व राजेन्द्र टेलर सहित कई प्रधानाचार्य मौजूद थे।

## मच्छर जनित बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम के लिए 'स्वास्थ्य दल आपके द्वार' अभियान का पहला चरण कल से

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मानसून के दौरान व बाद में मच्छर जनित डेंगू, मलेरिया आदि बीमारियों के नियंत्रण व रोकथाम को लेकर जिले में अभियान स्वास्थ्य दल आपके द्वार का प्रथम चरण 5 से 31 अगस्त तक चलाया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों की सहभागिता से मच्छररोधी गतिविधियां की जाएंगी। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह ने अभियान में अंतर विभागीय समन्वय कर सभी संबंधित विभागों से आवंटित कार्य करवाने के निर्देश सभी जिला कलेक्टर को जारी किए हैं। अभियान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की सर्वे टीमों द्वारा घर-घर जाकर सोर्स रिडक्शन, एंटीलारवल, एंटीएडल्ट व आईईसी गतिविधियां करवाने, बुखार के रोगियों की रक्त पट्टिका बनाने, गतिविधियों की रिपोर्टिंग मरुधर एप के माध्यम से करवाने आदि अन्य कार्य सम्पादित किए जाएंगे। नगर निगम को नालियों की सफाई, गंदे पानी के स्त्रोंतों में एमएलओ डलवाने, फॉगिंग करवाने, गड्ढे भरवाने, लार्वा मिलने पर नोटीस व चालान की कर्रवाई करवाने सहित अन्य कार्य आवंटित किए गए हैं। अभियान में अन्य विभागों नागरिक सुरक्षा, चिकित्सा शिक्षा, ईएसआई हॉस्पिटल, रेलवे हॉस्पिटल, आयुर्वेद विभाग, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण विभाग, शहरी विकास एवं हाउसिंग बोर्ड व आवासन मंडल, नर्सेज कॉउंसिल, शिक्षा विभाग को भी विभिन्न कार्य आवंटित किए गए हैं।

## 10 अगस्त से आरजीएचएस में दवाईयां नहीं मिलेगी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** प्रादेशिक दवा विक्रेता समिति ने 10 अगस्त से आरजीएचएस को दवा देना बंद करने का निर्णय लिया है। प्रदेशाध्यक्ष विवेक विजयवर्गीय ने बताया कि कांग्रेस सरकार द्वारा सेवारत एवं सेवानिर्वत सरकारी एवं अन्य स्वायतशाषी संस्थाओं के कर्मचारियों के लिए राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्किम के नाम से योजना शुरू की गई थी जिसमें सरकारी कर्मचारियों को चिकित्सकीय जांच एवं दवाईयां मुफ्त मिलती है। अधिकृत फार्मासिस्ट द्वारा 3 वर्ष से चली आ रहीं समस्याओं का सरकार द्वारा समाधान नहीं किए जाने के कारण योजना के तहत दवाईयां देना 10 अगस्त से बंद करने का निर्णय लिया है।

## प्रभु बाडोलिया ने नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का किया भव्य स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई,( का.स. )।** भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर राजस्थान भाजपा के यशस्वी राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के पदभार ग्रहण समारोह में टोंक ज़िले के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रभु बाडोलिया ने सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ जयपुर पहुंच नवनियुक्त भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुंधरा राजे, प्रदेश सह प्रभारी विजया रहाटकर, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं प्रेमचंद बैरवा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

## श्री कल्याण डिग्गीपुरी की 59वीं लक्खी पदयात्रा 11 अगस्त को होगी शाही ध्वज के साथ जयपुर से रवाना

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा काशी श्री कल्याण जी धार्मिक नगरी डिग्गीपुरी की 59वीं लक्खी पदयात्रा का शुभारम्भ 11 अगस्त को जयपुर से हर वर्ष की भांति आने वाली शाही ध्वज के साथ लक्खी पदयात्रा का शुभारम्भ सावण सुदी 6, वार रविवार, 11 अगस्त, 2024 को सुबह 9.00 बजे श्री ताड़केश्वर मंदिर, चौड़ा रास्ता, जयपुर से रवाना होगी। पैदल यात्रा संघ के अध्यक्ष एवं संचालक श्रीजी शर्मा लोहे वालों जानकारी देते हुये बताया की 11 अगस्त को 59वीं लक्खी पदयात्रा का शुभारम्भ मुख्य केसरिया शाही निशान ध्वज की विधिवत पूजा अर्चना कर अतिथिगण उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा, जिला कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित, अवधेशानंद जी महाराज, राष्ट्रीय कथा वाचक परम पूज्या देवी वैभवी श्रीजी, एडवोकेट नवीन टांक, रामरिछपाल जी देवाचार्य जी महाराज, त्रिवेणीधाम, शाहपुरा, ठाकुर रामप्रताप सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मुख्य ध्वज के साथ लाखों पदयात्रियों को करेंगे रवाना पद यात्रा में आस पास के मिलाकर करीब 10 लाख श्रृद्धालु लेते हैं भाग। गोरतलब हो की लगातार डिग्गी में सावन माह व भादवा माह तक दो महीने पदयात्रियों की रेलम पेल रहती है। पैदल यात्रा संघ के अध्यक्ष एवं संचालक श्रीजी शर्मा लोहे वालों ने बताया कि पदयात्रा 11 अगस्त को मदरामपुरा, 12 अगस्त को हरसूलिया, 13 अगस्त को फागी, 14 अगस्त को चौसला व 15 अगस्त को विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल भगवान श्री कल्याण जी महाराज के निजधाम डिग्गीपुरी पहुंचेगी। जहां शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा के साथ मुख्य केसरिया शाही निशान ध्वज चढ़ाया जायेगा व डिग्गी में कल्याण जी के निज मन्दिर में गंगोत्री से लाये हुए गंगा जल से श्री कल्याण जी का अभिषेक कराया जाएगा। प्रतिदिन रात्रि में भजन रामलीला व सत्संग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस लक्खी पदयात्रा में लाखों स्त्री-पुरूष एवं बच्चे सम्मिलित होते हैं, जिन्हें ना धूप की परवाह होती है, ना अपने नंगे पांव में छालों की।

## विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत

### पति व ससुर पर दहेज प्रताड़ना का मामला मृतका के भाई ने करवाया दर्ज

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** भगतसिंह कॉलोनी में शुक्रवार की रात करीब 8 बजे एक 22 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ससुराल पक्ष के लोगों ने पुलिस को कूलर में चुन्नी फंसने से मौत होना बताया है जबकि मृतका के भाई ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए परेशान करने एवं फांसी लगाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शनिवार को मृतका के शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव को पीहर पक्ष को सौंप दिया। पीहर पक्ष ने निवाई में ही शव को दफना दिया। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि मृतका के भाई साबिर कुरेशी निवासी ट्रांसपोर्ट नगर जयपुर ने बताया कि उसकी बहन चांदनी का निकाह 2 वर्ष पूर्व अहमद उर्फ गोलू पुत्र अशरफ निवासी जिरात बाबा रोड भगतसिंह कॉलोनी के साथ हुआ था। मृतका के एक डेढ़ वर्षीय बालिका भी है। शादी के बाद से ही उसकी बहन को ससुराल पक्ष के लोग दहेज लाने के लिए 7 माह से प्रताडित कर रहे थे। उसने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी बहन चांदनी को दहेज लोभियों ने गला घोट कर मार दिया व कानून से बचने के लिए कूलर में चुन्नी फंसने पर मौत होना बताकर दुर्घटना का रूप दे दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतका के भाई साबिर ने मृतका के पति अहमद उर्फ गोलू व ससुर अशरफ कुरेशी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना की सूचना पर उपखंड अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया व डीवाईएसपी मृत्युंजय कुमार मिश्रा राजकीय सामुदायिक अस्पताल में पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मामले की जांच निवाई डीवाईएसपी मृत्युंजयकुमार मिश्रा कर रहे हैं।

## आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का 53 वां अवतरण दिवस समारोह आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ गुन्सी ।** आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का 53 वां अवतरण दिवस समारोह रविवार को श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में गुरु भक्त व चातुर्मास कमेटी द्वारा मनाया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में राजेन्द्र जैन ड्रीम होम जयपुर, विनोद पाटनी मेडतासिटी द्वारा शांतिनाथ प्रभु की शांतिधारा की जाएगी। इस दौरान माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वास जीतना बडी बात नहीं है बल्कि विश्वास को बनाएं रखना बडी बात है। धागा टूट जाये तो जोडने के लिए गांठ बांधनी पडती है।

## सूरजनारायण शर्मा बने ट्रक यूनियन के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** श्री ट्रक ऑपरेटर्स यूनियन के वार्षिक चुनाव को लेकर चुनाव प्रभारी व पर्यवेक्षक भंवरलाल यादव के नेतृत्व में यूनियन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से सूरजनारायण शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रभारी व पर्यवेक्षक भंवरलाल यादव ने बताया कि सर्वसम्मति से कार्यकारणी का गठन करके कार्यकारणी में संरक्षक के पद पर नदीम मेवाती, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मीणा, कोषाध्यक्ष ताराचन्द सैनी व महामंत्री के पद पर हबीब मेवाती को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार संगठन मंत्री कमलेश मीणा मूंडिया, कार्यालय मंत्री गणपतलाल मीणा तथा वरिष्ठ सदस्य लालराम मीणा, महावीर सैनी, बजरंगलाल जाट व निजाम लुहार को मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न होने के बाद ट्रक मालिकों ने नवनियुक्त अध्यक्ष सूरजनारायण शर्मा व कार्यकारणी का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष भंवरलाल यादव ने नवीन पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष यादव ने वार्षिक आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष कैलाश चौधरी, रामनिवास यादव, रामलाल मीणा, जमील कुरेशी, सूरजनारायण शर्मा, शकील मेवाती, रसीद कुरेशी, कैलाशचन्द सैनी, राजाराम जाट भांवती, रसीद कुरेशी उर्फ गुल्लु, प्रेमचन्द मीणा, कैलाशचन्द सैनी, मुरारीलाल यादव, नानग अली, आजाद राधेश्याम पहाडी, मदनलाल मीणा व नरसीलाल मीणा सहित कई ट्रक मालिक मौजूद थे।

## भक्तामर अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने समर्पित किए श्रीफल अर्घ्य

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर पर सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आयोजित 48 दिवसीय भक्तामर मण्डल अनुष्ठान का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भक्तामर स्तोत्र की पूजा अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि जैन मुनि अनुसरण सागर महाराज संघ के सानिध्य में 48 दिवसीय भक्तामर अनुष्ठान किया गया जिसमें सूरजमल जैन एवं नवरत्न टोंग्या को भगवान के अभिषेक एवं शांतिधारा करके भक्तामर अनुष्ठान में 48 श्रीफल अर्घ्य चढाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रचार-प्रसार संयोजक हितेश छाबड़ा ने बताया कि पण्डित सुरेशकुमार शास्त्री के निर्देशन में रिद्धि मंत्रो द्वारा मण्डल जी पर श्रीफल अर्घ्य चढाकर पूजा अर्चना की गई। हितेश छाबड़ा ने बताया कि श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में भगवान शांतिनाथ जी के अभिषेक कर शांतिधारा की एवं आचार्य अभिनन्दन सागर महाराज एवं मुनि अनुसरण सागर महाराज की संगीतमय पूजन कर श्रीफल अर्घ्य चढाकर पूजा अर्चना की।

## श्याम विहार द्वितीय कॉलोनी में घरों के बाहर भरा हुआ है बरसाती पानी, घरों से निकलना हुआ मुश्किल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** ढाणी जुगलपुरा कलां की श्याम विहार द्वितीय कॉलोनी में पिछले 3 दिन से बरसाती पानी भरा हुआ है। जिससे कॉलोनीवासियों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। कॉलोनीवासियों ने बताया कि कॉलोनी में आम रास्ता स्वीकृत है लेकिन रोड का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा नहीं करवाया गया है जिससे समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी का आम रास्ता बनवाने के लिए पूर्व में कॉलोनिवासियों ने तत्कालीन एसडीएम त्रिलोकचन्द मीणा, तहसीलदार, पंचायत समिति प्रधान व पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा को ज्ञापन सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने चरागाह व सिवायचक भूमि पर अतिक्रमण कर बरसाती पानी को अवरूद्ध कर रखा है। प्रशासन द्वारा पूर्व में अतिक्रमण हटवाया गया था। लेकिन लोगों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया जिसकी वजह से पानी की निकासी नहीं हो पा रहीं है। कॉलोनिवासियों ने एसडीएम सुरेशकुमार हरसोलिया को कॉलानी में सीट में स्वीकृत रास्ता बनवाने एवं बरसाती पानी की निकासी करवाने की मांग की है।

## भामाशाह चौधरी का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** भामाशाह एंव समाजसेवक ओर पर्यावरण संरक्षण प्रेमी बी.एल.चौधरी देशमा का जाट समाज धर्मशाला डिग्गी में साफा ओर माला पहनाकर स्वागत किया गया । बी.एल.चौधरी देशमा ने अभियान चलाकर प्रत्येक गाँव- गाँव , ढाणी - ढाणी एंव स्कूल , आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केंद्र आदि में एक लाख निशुल्क पौधारोपण कार्यक्रम किया वह बहुत ही सराहनीय प्रयास है । निश्चित मालपुरा ब्लॉक हरा- भरा होगा। इस अवसर पर जाट धर्मशाला समिति के मंत्री रामकरण बुगालिया, प्रचार- प्रसार मंत्री रामधन जावल्या पीपलू, सुखलाल ताखर, रामनारायण सरूडिया , एडवोकेट छोगालाल चौधरी , शिवराज लाम्बा , जगदीश धान्धा , सत्यनारायण सरूडिया , रमेश ताखर, रामकिशन जावल्या , आदि लोग मौजूद रहे।

## बस्सी में बगड़ावत गोठगायन आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** रविवार को हरियाली अमावस्या पर गांव बस्सी घाटा में स्थित भेरुजी महाराज के बगड़ावत गोठ गायन का आयोजन होगा। शोभाराम प्रजापत ने बताया कि रविवार को बगड़ावत दोपहर गोठगायन का आयोजन होगा जिसमें आसपास के कलाकार गोठ गायन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में बस्सी, बारेडा, खिडग़ी, किवाड़ा, गोवर्धनपुरा, मंडालिया, सिरस, खेडीमानपुर व खेड़ा सहित आसपास के गांवों के कलाकार व श्रद्धालु शामिल होंगे।

# राजाखेड़ा में स्कूल की बालिकाओं को बांटे बैग

## पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश, प्राथमिक उपचार के बारे में दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** धौलपुर जिले के राजाखेड़ा कस्बे में शनिवार को अशोक शर्मा जगन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूर्व बीजेपी नेता स्वर्गीय अशोक शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बालिकाओं को बैग और फर्स्ट एड किट का वितरण किया गया। इस दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा करीब दो हजार बालिकाओं को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्री निधि बीटी रहे। इससे पहले स्वर्गीय अशोक शर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर प्रार्थना सभा और उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद अशोक शर्मा जगन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्कूली बालिकाओं को बैग का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्कूली बालिकाओं को प्रशिक्षण शिविर में बेहोशी की हालत में प्राथमिक उपचार, सीपीआर और अन्य कई तरीके के प्रशिक्षण दिए गए।





**पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश :** जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी और भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा, एडिशनल एसपी ओम प्रकाश शर्मा के साथ राजाखेड़ा एसडीएम मनीषा कुमारी मीणा और तहसीलदार टीकेन्द्र सिंह ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। जिला कलक्टर ने कहा कि अशोक शर्मा जगन चैरिटेबल ट्रस्ट और इंडियन रेट क्रॉस सोसाइटी द्वारा की गई पहल काफी सराहनीय है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि अन्य लोग भी इस तरह के सामाजिक सरोकार के कार्यों में भाग लें।

**पौधारोपण अभियान के तहत किया पौधारोपण :** उन्होंने कहा कि आने वाली 7 तारीख को मुख्यमंत्री द्वारा पूरे प्रदेश में हरियालो राजस्थान के तहत सघन पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सभी लोग पर चढ़कर भाग लें। सभी लोग अपने आस-पास पौधारोपण कर उनकी देखभाल का संकल्प लें क्योंकि वर्तमान में क्लाइमेट चेंज से सभी लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसका एकमात्र समाधान अधिक से अधिक पौधारोपण और उनकी देखभाल करना है। ये रहे मौजूद कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाली बालिकाओं को मंचासीन अतिथियों द्वारा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के साथ भाजपा नेत्री नीरजा अशोक शर्मा, पंकज शर्मा, एसडीएम मनीषा कुमारी, तहसीलदार टीकेंद्र सिंह, पूर्व विधायक मनोरमा सिंह, दिलीप पाराशर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान 7 अगस्त को

## वृक्षारोपण जनजागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, डीईओ माध्यमिक का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** पर्यावरण संरक्षण को लेकर सघन पौधरोपण अभियान के लिए अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान में 7 अगस्त को मुख्यमंत्री राजस्थान एवं शिक्षा मंत्री के निर्देशन में शिक्षा विभाग एक रिकॉर्ड कायम करे इसके लिए शिक्षाविदों द्वारा नव पदभार संभालने वाले मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक धौलपुर सुक्खो देवी रावत का सम्मान समारोह का आयोजन बीएस गार्डन में किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी धौलपुर दाऊदयाल शर्मा, एडीईओ पप्पू सिंह सिकरवार, सीबीईओ कल्याण सिंह मीना,प्रधानाचार्य हरिओम सिकरवार,रमेश चंद भानु, शिक्षाविद अनुराग शर्मा,गोविंद मीना,रामचरण मीना,मीना समाज अध्यक्ष किशन सिंह मीना, महामंत्री कल्याण सिंह मीना उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुक्खो देवी रावत ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपील करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ ही अभिभावक,शिक्षक और शिक्षा विभाग के कार्यों में कार्यरत कार्मिक एक करोड़ पौधे अवश्य लगाएं। पौधरोपण कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी ने वृक्षारोपण अभियान में गंभीरता बरतने की निर्देश दिए हैं।

### जिले के स्कूलों में आयोजित होंगी प्रतियोगिताएं

वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण की जागरूकता को लेकर अलग-अलग प्रतियोगिताएं भी करने की निर्देश दिए गए हैं ।

# हरियाली अमावस्या पर सांवलिया जी पधारने वाले दर्शनार्थियों से मंदिर मंडल की अपील

## विभिन्न मार्गों से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए अलग-अलग वाहन पार्किंग की व्यवस्था

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, (नि.स.) ।** 04 अगस्त, 2024 को हरियाली अमावस्या के अवसर पर भगवान श्री सांवलिया सेठ के दर्शनार्थ पधारने वाले श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों के लिए दर्शन प्रवेश मार्ग यथावत् रखा गया है एवं दर्शन प्रवेश मार्ग में कोई परिवर्तन नही किया गया है। श्रद्धालु दर्शनार्थियों की आवागमन सुविधा व मन्दिर व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए विभिन्न मार्गों से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए अलग-अलग वाहन पार्किंग निर्धारित रखी गई है जिसमें भादसोडा चौराहा फोर लेन से आने वाले वाहनों के लिए रेफरल चिकित्सालय के पास बाईपास पार्किंग, बानसेन व भदेसर मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों के लिए कुरेठा बाईपास पेट्रोल पम्प के पास पार्किंग, निम्बाहेडा मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों के लिए गौशाला रोड के पास व गोकुल विश्रान्ति गृह के सामने एवं आवरी माताजी मार्ग की ओर से आने वाले वाहनों के लिए गोकुल विश्रान्ति गृह के सामने स्थित पार्किंग निर्धारित रखी गई है। केवल निर्धारित गेट/मार्ग से ही प्रवेश दिया जाएगा एवं अन्य सभी गेट बन्द रहेंगें। दर्शनार्थियों से अपील है कि अपने साथ कीमती सामान, कैमरा, बैग आदि नही लावे व जेबतराशी व चैन स्नेचिंग जैसी घटनाओं से बचने के लिए स्वयं विशेष ध्यान रखें एवं मन्दिर व्यवस्थाओं में अपना सहयोग देवें।

# विधिवत्त पूजन के साथ प्रारंभ हुआ पूर्व अभ्यास

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजर्षि अभयसमाज स्थिति भरतरी हरी धाम मंदिर में कल रात्रि को विधिवत पूजन करके आने वाले दशहरा पर्व के अवसर पर श्री रामलीला एवं नाटक महाराज भरतरी हरी का पूर्व अभ्यास प्रारंभ हुआ संस्था के महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा के अनुसार महानिदेशक मनोज कुमार गोयल के निर्देशन में सभी स्वरूपों को तिलक एवं मौली बांधकर विधिवत शुभारंभ किया गया आगे जानकारी देते हुए महानिदेशक ने बताया कि इस साल होने वाले प्रदर्शन में नए कलाकारों को भी उनकी कला को निखारने सवारने एवं दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करने का भी शुभ अवसर प्रदान किया गया है सभी कलाकारों को प्रदर्शन होने तक अपनी अपनी भूमिका के लिए नित्य प्रति पूरा अभ्यास रात्रि 8.00 बजे से 10.00 बजे तक कड़ी मेहनत करके करना होगा ताकि प्रदर्शन को सशक्त एवं आकर्षक बनाया जा सके पूर्व अभ्यास के शुभ अवसर परसंस्था के अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा महानिदेशक श्री मनोज कुमार गोयल सहित संस्था के पदाधिकारी एवं कलाकार मौजूद रहे।

# धौलपुर जिले में 300 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर

## शहर में जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर, कचरे पर घूमते जानवरों से लोग परेशान

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले में करीब 300 सफाई कर्मचारी 25 जुलाई से हड़ताल पर हैं। इससे शहर पूरी तरह से बदहाल हो चुका है। जगह-जगह लगे कचरे के ढेर पर पहुंच रहे आवारा जानवर भी कोढ़ में खाज का काम कर रहे हैं। बेसहारा पशुओं को हर वक्त सड़क पर आपस में लड़ते हुए देखा जा सकता है, जिससे लोग खासे परेशान हैं। विभिन्न मांगों को लेकर राज्यव्यापी आह्वान पर 25 जुलाई से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से घरों से



निकला कचरा सड़कों पर फेंका जा रहा है। सड़कों के साथ प्रत्येक गली मोहल्ले में कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिन पर घूमने वाले बेसहारा पशु कचरे को सड़कों पर फैलाकर आपस में लड़ते हुए भी देखे जा सकते हैं। पशुओं की आपस की लड़ाई के बीच राहगीर भी खासे परेशान हैं। कई दिनों से चल रही हड़ताल के बाद धौलपुर शहर की सूरत पूरी तरह से बिगड़ चुकी है। शहर में जगह-जगह लगे गंदगी की ढेर के अलावा जिस जगह पर जानवरों की मौत हो जाती है।

वहां से उनको उठाने वाला भी कोई नजर नहीं आ रहा। सड़कों पर पड़ी जानवरों की डेड बॉडी भी सड़ती हुई नजर आ रही हैं।शहर में करीब 300 सफाईकर्मी चल रहे हड़ताल पर धौलपुर जिले में दो अलग-अलग यूनियन से जुड़े करीब 300 सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चल रहे हैं। जिन पर शहर के अलग-अलग हिस्सों में सफाई का जिम्मा है। कर्मचारियों के हड़ताल पर चलने की वजह से शहर के हालात बदहाल हो चुके हैं।

# अस्थमा व सांस रोग से परेशान व्यपारियों ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

## अवैध मसाला चक्की के संचालन से दु:खी हैं व्यापारी



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** आटा वाली गली में चल रहे मसाला पिसाई केंद्र को बंद कराने के लिए व्यापारियो ने एडीएम सिटी को ज्ञापन दिया। अलवर जिला व्यापार महासंघ और आटा वाली गली के व्यापारी गण आटा वाली गली में चल रही मसाला फैक्ट्री को बंद करने के लिए एडीएम सिटी को ज्ञापन देने पहुंचे। इस मसाला फैक्ट्री से आटा वाली गली के निवासियों और व्यापारियों को सांस लेना भी दुर्भर हो रहा है और वहां रहने वालों की नरकीय स्थिति हो रही है। आटा वाली गली अलवर जिले का किराने का एकमात्र होलसेल मार्केट है यहां पर आने वाले आमजन को भी यहां सांस लेने में कठिनाई होती है और इस गली का व्यापार इस मसाला फैक्ट्री के कारण प्रभावित हो रहा है आटा वाली गली में रहने वाले निवासियों और व्यापारियों को अस्थमा, दमा की बीमारी और सांस लेने में बहुत ही ज्यादा कठिनाई हो रही है। मामले की गंभीरता समझते हुए एडीएम सिटी बीना महावर ने कहा कि पूरी पारदर्शिता से जाँच करवाएँगे। इधर व्यपारियो का कहना है कि मामले में पुलिस ने मिला भगती कर लीपा पोती से पूर्व में दी शिकायत को ठंडे बस्ते में पहुँचा दिया था,जिसको लेकर व्यपारी काफी आक्रोश में नजर आए ।

# अवैध हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** बाड़ी की सदर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव गढ़ी गजपुरा के जंगल से अवैध हथियार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

सदर थाना अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर गांव गढ़ी गजपुरा के जंगल में यह कार्रवाई की है। जिसमें आरोपी होली पुत्र भभूति गुर्जर निवासी जवारे का पूरा, कस्बा नगर थाना बसई डांग को गिरफ्त में लिया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने एक 315 बोर का अवैध देसी कट्टा और एक खाली खोखा बरामद किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्त में आए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज करते हुए पूछताछ की जा रही है।

# बेकरी संचालक से लूट और मारपीट की घटना

## तीन बदमाशों ने पीड़ित को बंधक बना की मारपीट, पीड़ित के चिल्लाने पर लोगो ने किया पीछा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (नि.स.)।** शहर में लगातार बढ़ रही क्राइम की घटनाओं से अब आमजन भयभीत नजर आ रहा है। शहर के दुकानदारों के साथ व्यापारी वर्ग भी लगातार हो रही घटनाओं से परेशान है। गुरुवार रात गंज दरवाजे पर बेकरी संचालक राजेश कोली से तीन बदमाशों ने लूटपाट और मारपीट की। पीड़ित राजेश, बेकरी बंद कर घर लौट रहा था, जब बदमाशों ने उसे बंधक बना लिया। उन्होंने उसकी सोने की अंगूठी, चैन, पर्स और बेकरी की 18 हजार रुपये की नगदी छीन ली। राजेश ने चीख-पुकार मचाई, जिससे लोग जुटे, लेकिन बदमाश फरार हो गए।

घटना को लेकर रात को ही पीड़ित राजेश पुत्र रामविलास कोली ने कोतवाली थाने पहुंचे पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने रात में ही मौके पर जाकर मामले की जांच की है। एसएचओ शिव लहरी मीणा ने



पीड़ित दुकानदार को आश्वस्त किया है। मामले को लेकर जांच की जा रही है।

**शहर के सीसीटीवी कैमरे खराब,वारदात के आरोपियों का नहीं लग रहा पता :** एक वर्ष पूर्व शहर में नगर पालिका द्वारा कई लाख रुपये की लागत से जयपुर की एक कंपनी से शहर में वारदातों पर अंकुश लगाने को लेकर मुख्य मार्गों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए थे। जिनका कंट्रोल रूम पुलिस थाने में बनाया गया है लेकिन उचित देखरेख के अभाव में उनमे से अधिकांश कैमरे खराब पड़े हुए है। जिससे वारदातों को लेकर कोई सुराग नहीं मिल पा रहा है। गंज दरवाजे की घटना को लेकर भी सीसीटीवी कैमरा खराब मिला।



# रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्तदान हुआ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** रक्तदान महादान फाउंडेशन के तत्वधान में गौरव जांगिड के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसमें 7 रक्त वीरों के द्वारा अपने जीवन का प्रथम बार रक्तदान किया गया शिविर प्रभारी विष्णु सोमवंशी जी के द्वारा सभी रक्त वीरों को प्रंशाश पत्र देकर सम्मानित किया इस दौरान सहयोगी संस्था श्री श्याम हनुमान सेवा समिति और फाउंडेशन के सभी सदस्य मौजूद रहे ।

# महर्षि चरक जयंती के उपलक्ष में विश्व आयुर्वेद परिषद के 'चरक सप्ताह' कार्यक्रम का हुआ आगाज

## प्रदेश भर में संगठन विविध स्वास्थ्य जन-जागरूकता कार्यक्रमों का करेगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** महर्षि चरक जयंती के उपलक्ष में विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान द्वारा दिनांक 3 से 9 अगस्त तक 'चरक सप्ताह' कार्यक्रम की प्रदेश भर में शनिवार से शुरुवात की गई। संगठन द्वारा आगामी सात दिनों तक निरंतर विविध प्रकार के स्वास्थ्य जन जागरूकता कार्यक्रम यथा चिकित्सा शिविर, स्वास्थ्य प्रबोधन, संगोष्ठी, औषधीय पौधारोपण, वेबिनार, स्वास्थ्य प्रश्नोत्तरी , निबंध प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन चिकित्सक प्रकोष्ठ, शिक्षक प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ , विधार्थी प्रकोष्ठ के माध्यम से प्रदेश भर में संगठन सदस्यों द्वारा आयुर्वेद के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु किया जाएगा। विश्व आयुर्वेद परिषद के चिकित्सक प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी एवं मीडिया प्रभारी डॉ. पवन सिंह शेखावत ने बताया की महर्षि चरक को आयुर्वेद का पितामह




कहा जाता है, महर्षि चरक का आयुर्वेद के क्षेत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महर्षि चरक द्वारा लिखित 'चरक संहिता' आयुर्वेद का सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रंथों में से एक है। इस ग्रंथ में शरीर रचना, शरीर क्रिया विज्ञान, रोग निदान और चिकित्सा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। महर्षि चरक ने आयुर्वेद के मूल सिद्धांत पंच तत्व, दोष, धातु, मल को स्थापित किया। महर्षि चरक ने स्वास्थ्य और रोग के बीच संबंध को समझाया और रोगों के निदान और उपचार के लिए कई प्रभावी उपाय बताए।

महर्षि चरक के अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान एवं शाश्वत आयुर्वेद सिद्धांतो के कारण ही आज भी आयुर्वेद चिकित्सा दुनिया भर में एक लोकप्रिय स्थाई समाधान देने वाली दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति बनी हुई है, जिसकी दिन प्रतिदिन उपयोगिता देश दुनिया में तेजी से बढ़ रही है। ऐसे महान आचार्य की जयंती के उपलक्ष में विश्व आयुर्वेद परिषद चरक सप्ताह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे विन्रम श्रद्धा के साथ याद कर रहा है और उनके बताए चिकित्सा सिद्धांतो को अपनाकर देश के आयुर्वेद चिकित्सक आमजन को बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करने में योगदान दे रहे है। इधर जिला चिकित्सालय अलवर में भी चरक सप्ताह कार्यक्रम की शनिवार को शुरुवात की गई। चिकित्सालय में विश्व आयुर्वेद परिषद के सयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क दो दिवसीय अस्थि संधि एवं न्यूरोमैस्कुलर डिसऑर्डर चिकित्सा परामर्श शिविर का आज शुप्रारंभ किया गया। शिविर का शुप्रारंभ पंचकर्म प्रभारी डॉ लक्ष्मी शर्मा एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ पवन सिंह शेखावत ने आचार्य चरक प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 31 रोगियों को लाभान्वित किया गया तथा रोगियों को पंचकर्म एवं अग्निकर्म चिकित्सा के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर चिकित्सालय स्टॉफ नर्सिंगकर्मी राजेश शर्मा, प्रसादी लाल वर्मा, भुवनेश शर्मा, रेखा, नत्थी लाल सैन, निर्मला,शारदा इत्यादि उपस्थित रहें।

# 07 अगस्त को पौधरोपण का महाअभियान, तैयारियों को लेकर शिक्षा अधिकारी का डांग में दौरा

## अधिक से अधिक पौधारोपण की अपील, ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित हो कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** उपखंड के मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के आर पी सुरेश भारद्वाज ने शनिवार को डांग क्षेत्र के विद्यालयों का अवलोकन कर सबलन दिया तथा 7 अगस्त को प्रदेश भर में वृहद स्तर पर आयोजित हो रहे हरियालो राजस्थान महा अभियान,एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के बारे में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मुगलपुरा एवं सायपुर मे स्टाफ एवं बच्चो को जानकारी दी तथा संस्था प्रधान एवं शिक्षकों से वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत विद्यालयों को आवंटित लक्ष्य के अनुसार खोदे गए गड्ढे एवं लगाए गए पौधों की के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा गड्ढों एवं पौधों की जियो टैगिंग करने के बारे में निर्देश दिए। भारद्वाज ने संस्था प्रधान एवं शिक्षकों को बताया कि आगामी 7 अगस्त को आयोजित होने वाले हरियालो राजस्थान,एक पेड़ मां के नाम की तैयारी जारी दिशा निर्देश के अनुसार करें तथा 5 अगस्त को सभी विद्यालयों में हरियालो राजस्थान की तैयारी को लेकर एसएमसी एवं एसडीएमसी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित करे। जिससे हरियालो राजस्थान महा अभियान अच्छी तरह सफल हो सके। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी अशोक उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री वृक्षारोपण को लेकर बेहद गंभीर हैं। समय-समय पर उनके द्वारा विभागों को निर्देश जारी किए जा रहे हैं। उपाध्याय ने बताया कि राजकीय एवं निजी विद्यालयों में छात्र नामांकन एवं शिक्षकों की संख्या के अनुसार पूर्व में ही लक्ष्य निर्धारित किए जा चुके हैं। निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार सभी विद्यालयों को वृक्षारोपण करने के निर्देश विद्यालय प्रांगण,खेल मैदान,सार्वजनिक स्थल आदि पर करने को कहा गया है।

# दर्दनाक सड़क हादसा : गाय को बचाने के चक्कर मे पलटी एसयूवी, 4 की मौत

## जिला कलेक्टर और एसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर हालात का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बारां जिले में भंवरगढ़ से किशनगंज के बीच भीषण सड़क दुर्घटना में मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच घायल हो गए हैं। मृतक और घायल एक एसयूवी बोलेरो में सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि इसमें गाड़ी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी में आया है कि नेशनल हाईवे 27 पर भंवरगढ़ से किशनगंज के बीच देर रात को ये भीषण सड़क दुर्घटना हुई है। इसमें मौके पर ही चार लोगों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जिला कलेक्टर रोहिताश कुमार सिंह तोमर और एसपी राजकुमार चौधरी ने जिला अस्पताल पहुंचकर हालात का जायजा लिया।

मृतकों के शव को भी मोर्चरी में शिफ्ट करवाया गया है। घायलों को त्वरित उपचार के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एसयूवी में सवार होकर भंवरगढ़ से बारां की तरफ ये लोग आ रहे थे। भंवरगढ़ ढाबे के नजदीक हाईवे पर ही करीब 10.30 के आसपास इनकी एसयूवी के सामने अचानक से गोवंश आ गया। इसे बचाने का प्रयास चालक ने किया, लेकिन इसके चलते एसयूवी अनियंत्रित हो गई।

इसके बाद पलटते हुए सड़क किनारे चली गई। इसकी सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे की पेट्रोलिंग टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची और इन्हें बारां जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतकों में शाहबाद इलाके के रामपुर उपरेटी गांव निवासी लाखन सहरिया, फूलचंद सहरिया व हरिचंद मेहता और मध्य प्रदेश के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र निवासी राजू सहरिया शामिल हैं। जबकि दुर्घटना में 5 लोग भी बुरी तरह से जख्मी हुए हैं।

जिनमें से तीन का उपचार किशनगंज अस्पताल में करवाया जा रहा है, जबकि दो को बारां जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है। मृतकों के शव के पोस्टमार्टम शनिवार सुबह करवा परिजनों के सुपर्द कर दिए गए। ज्ञातव्य है कि करीब एक सप्ताह पहले ही हाईवे पर बारां के नजदीक ही गोवंश सामने आ जाने के चलते दो बसों की भिड़ंत हो गई थी। इसमें भी एक बस के पलट जाने के चलते दो लोगों की मौत हुई थी व कुछ घायल हुए थे।

### सड़क दुर्घटना में 2 युवकों की दर्दनाक मौत



शहर के बाहर से गुजर रहे नेशनल हाईवे 27 के बाइपास पर बीती रात भीषण दुर्घटना हो गई हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल है। हादसे में एसयूवी पूरी तरह से चकनाचूर हो गई। दुर्घटना के बाद यहां से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद हाइवे पेट्रोलिंग की एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों व मृतकों को अस्पताल ले गई। शनिवार को दोनों मृतकों के शवो का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। अनंतपुरा थाना पुलिस के अनुसार सूचना मिलने पर घायलों को हाईवे पेट्रोलिंग एंबुलेंस के जरिए पहले ही अस्पताल पहुंचाया गया। चूंकि यह यह इलाका दूसरे थाना क्षेत्र का था इसलिए सम्बंधित थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झालावाड़ जिले के खानपुर निवासी धीरज सिंह और विज्ञान नगर निवासी अरबाज की दुर्घटना में मौत हुई है। घायलों में फैजल, जयराज और दीप सिंह हैं। यह सभी लोग बूंदी जिले के बल्लोप स्थित एक रेस्टोरेंट से खाना खाकर हैंगिंग ब्रिज होते हुए बारां रोड की तरफ जा रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।उसकी खोज की जा रही है। वहीं घटना को लेकर परिजनों ने आरोप लगाया कि ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए, इसके चलते ही दुर्घटना हुई है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।



# ठेका कर्मियों का आरएलएसडीसी की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर प्रदर्शन

## मुख्य सचिव ने दिया शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा/जयपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विभागों और निगमों के ठेका कर्मचारियों ने आरएलएसडीसी के गठन की मांग को लेकर शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया और मुख्य सचिव को अपनी मांगों का ज्ञापन सौपा।

महासंघ एकीकृत के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ की अगुवाई में गए प्रतिनिधि मंडल को मुख्य सचिव ने इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आरएलएसडीसी के लिए शीघ्र ही निदेशक नियुक्त कर कार्रवाई की जा रही है।

इससे पूर्व सभा को संबोधित करते हुए महासंघ (एकीकृत) के प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने ठेका कर्मियों को शोषण से मुक्त करने के लिए बजट घोषणा 2023 में राजस्थान लॉजिकल सर्विस डिलीवरी कॉरपोरेशन (आरएलएसडीसी) के गठन की घोषणा की थी। लेकिन इसकी अधिसूचना को आज तक जारी नहीं किया है। प्रदेश महामंत्री दिलीप सिंगोर ने बताया की कर्मचारियों के इन ठेकेदारों को राज्य सरकार से 17000 से 30000 रूपए प्रति ठेकाकर्मी बजट आवंटित होता है लेकिन उन ठेका कर्मचारियों को मात्र 5000 से 7000 रुपए का ही भुगतान किया जाता है तथा विरोध करने पर उन्हें निकालने की धमकी दी जाती है। राठौड़ ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि बजट घोषणा- 2023 की क्रियान्विति में आरएलएसडीसी के गठन की अधिसूचना शीघ्र जारी कर इन ठेका कर्मियों को ठेकेदारों के चंगुल से मुक्त किया जाए। सभा में ठेका कर्मचारियों के अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने कहा कि कई विभागों में ठेकेदारों के द्वारा 10 वर्ष से भी अधिक समय से कार्य कर रहे ठेका कर्मियों को अचानक निकाला जा रहा है। जेके लोन चिकित्सालय कोटा के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार कहा कि इस विरोध प्रदर्शन में शामिल चिकित्स, पंचायती राज, सचिवालय, जन स्वास्थ्य, ऊर्जा विभाग, आबकारी, कोष, स्वायत्त शासन, शिक्षा विभाग, कृषि एवं लेखा विभाग सहित राज्य के सभी सरकारी, बोर्ड, निगम एवं आयोग के कर्मचारी शामिल हुए हैं। नवीन चिकित्सालय कोटा के अध्यक्ष वैद गौतम ने सभा को संबोधित किया। प्रदर्शन में महासंघ (एकीकृत) के राहुल मीणा, मंजीत सिंह, अर्जुन चौहान, जीतू पांचाल, महावीर सेन, यतीश गौतम,पुरषोत्तम लोधा, गजेंद्र सिंह, शिव गुर्जर, ईश्वर सिंह व अजीवन सेजवाल, आदि शामिल हुए।

# मेडिकल कॉलेज में भारतीय अंगदान दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** दिनांक 03.08.2024 को झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में भारतीय अंगदान दिवस एवं अंगदान जनजागरुकता अभियान मनाया गया । जिसके मुख्य अतिथि प्रिसिपल डॉ. सुभाष चन्द जैन, अतिथि सी.एम.एच.ओ. डॉ. साजिद खान, अधीक्षक डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. रविन्द्र मीणा, डॉ. दीपक गुप्ता, डॉ. अतुल विजय, डॉ. अरुण पटेल, डॉ. मधुरिमा, डॉ. माधुरी मीणा, डॉ. रघुनन्दन मीणा, तथा सभी मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर्स, नर्सिंग ऑफिसर, हॉस्पिटल स्टॉफ एवं विद्यार्थी के साथ ए.एन.एम. ट्रेनिग सेन्टर एवं के. जी. एन. एम. कॉलेज के प्रधानाचार्य और टीचिंग स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे । इस प्रोग्राम में मंजू श्री संस्थान, आत्माराम संस्थान, अखिल भारतीय दिगम्बर जैन महिला संस्थान उपस्थित थे । इस प्रोग्राम में देहदान की प्रतिज्ञा लेने वाले गोपाल जांगिड़ का सम्मान किया गया। इस प्रोग्राम में अंगदान की जागरुकता के बारें में तथा गत माह में हुए अंगदान जनजागरुकता प्रोग्राम के बारें में विस्तृत चर्चा की गई तथा ए.एन.एम. ट्रेनिग सेन्टर को अंगदान की सर्वाधिक शपथ दिलाने पर सम्मानित किया गया प्रोग्राम का प्रारम्भ हाडोती संभाग के प्रथम अंगदाता स्वर्गीय भूरिया कंजर का फोटो अनावरण कर तथा दीप प्रवज्वलित करके कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारा पुष्पाजलि दी। जिसमें डॉ. साजिद खान ने अंगदाता भूरिया कंजर की पत्नि संजू बाई को सी. एच. सी. चौमहला में हेल्पर के पद पर नियुक्ति की घोषणा की गई। इस समारोह में मुख्य अतिथियो द्वारा अंगदान के क्षेत्र में झालावाड़ मेडिकल कॉलेज अंगदान टीम के साथ झालावाड़ के सी.एम.एच.ओ. डॉ. साजिद खान, श्रीमान केशव गौतम सीनियर नर्सिंग अधिकारी एवं श्रीमान मलिक आसिफ नर्सिंग अधिकारी, विकाश खतरी एवं धीरज राठौड़ को स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया गया । समारोह के अन्त में मुख्य अतिथि सुभाष चन्द जैन, डॉ. अशोक शर्मा एवं डॉ. रविन्द्र मीणा समारोह उपस्थित अतिथि गणो को अंगदान के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा सभी से प्रतिज्ञा लेकर अंगदान में बढ-चढ कर भागीदारी और जयपुर में झालावाड की सम्मानित अंगदान टीम को बधाई दी। साथ में सभी झालावाड वासीयो से आग्रह किया की अगले अंगदान दिवस में झालावाड जिले को अंगदान की शपथ में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्रयास करेगे ।

# सूदखोरों से परेशान होकर अधेड़ ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र की पटेल नगर कॉलोनी में रहने वाले एक अधेड़ ने सूदखोरों से परेशान होकर फांसी लगा आत्महत्या कर ली। मृतक के पुत्र बाल सिंह भाटी ने बताया की पिता देवी सिंह (62) ने भेरूलाल और बबलू नामक दो व्यक्तियों से ब्याज पर पैसा उधार लिया हुआ था। जो ब्याज चुकाने के बावजूद घर पर आकर आए दिन परेशान करते थे। करीब एक माह से चल रहे ब्याज माफियाओं के आतंक से परेशान होकर देवी सिंह ने अपने ही घर के सामने स्थित पेड़ पर फांसी का फंदा लगा आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग के बेटे की रिपोर्ट पर सूदखोरों के खिलाफ खुदकुशी के लिए मजबूर करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया है। मृतक के बेटे बाल सिंह ने बताया कि उसके पिता देबीसिंह को दो लोग बबलू सांसी और



भैंरू गुर्जर ज्यादा ब्याज मांग कर परेशान कर रहे थे और धमकियां दी जा रही थी। इन्हीं से परेशान होकर उसके पिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

वहीं प्रताप नगर थाना प्रभारी गजेंद्र नरूका ने बताया कि बाल सिंह की रिपोर्ट पर बबलु सांसी व भैंरू गुर्जर के खिलाफ देबी सिंह को खुदकुशी के लिए मजबूर करने के का मामला दर्ज कर लिया है। बेटे बाल ने बताया कि उसके छोटे भाई की शादी के लिए पिता देबी सिंह ने आरोपित बबलू सांसी से एक लाख और भैंरू गुर्जर से 50 हजार रुपये ब्याज पर उधार लिये थे। देबी सिंह ही इस राशि की किश्तें व ब्याज अदा कर रहे थे। बाल सिंह का कहना कि दोनों आरोपित देबी सिंह को ज्यादा ब्याज राशि मांग कर परेशान कर रहे थे।

घटना के वक्त सुबह जब उसके पिता का शव फंदे से झूल रहा था, तब भी उनकी जेब में पड़े मोबाइल पर सूदखोर का फोन आ रहा था। इस दौरान पुलिस भी मौजूद थी। परिजनों ने कॉल रिसीव किया । यह कॉल भैंरूलाल गुर्जर का था और वह पैसे की ही मांग कर रहा था। वही सूदखोरी के आरोपित बबलु सांसी पर मृतक के बेटे बाल सिंह ने एक और आरोप लगाया कि उसके पिता की बाइक थी, जिसे भी आरोपित छीन ले गया था। यह बाइक आज तक उसने नहीं लौटाई। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए सभी आरोपी की जांच शुरू कर दी है।

# किशोर कुमार के गीतों से आज सजेगी शाम

## किशोर कुमार का 96वां जन्मदिन मनाएंगे प्रसंशक, यूआईटी आडिटोरियम में मुम्बई व कोटा के कलाकार गीतों की देंगे मनमोहक प्रस्तुति

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शहर में किशोर कुमार के अनगिनत चाहने वाले उनके प्रसंशक हैं, जो उनके जन्मदिवस को हर बार यादगार बनाते हैं। इस बार भी कोटा में बॉलीवुड की फिल्मों में अपनी आवाज का जादू चलाने वाले किशोर कुमार के गीतों से शाम रंगीन होगी। रविवार को उनका 96वां जन्मदिवस कोटा में धूमधाम के साथ उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। मुख्य संयोजक व किशोर कुमार के प्रसंशक पूर्व मेला समिति अध्यक्ष सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेश बिरला होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष व मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, नेता प्रतिपक्ष कोटा उत्तर लव शर्मा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, डॉ. एमएल अग्रवाल उपस्थित रहेंगे। जैन ने बताया कि किशोर कुमार के जन्मदिवस पर हर बार कुछ नया करने का प्रयास किया जाता है। इस बार मुम्बई के जाने माने रॉक स्टार, के. फॉर किशोर फेम चिंतन बाकीवाला कोटा आ रहे हैं जो अपने मधुर गीतों से शाम को और भी हंसीन बना देंगे। उन्होंने कहा कि बाकीवाला की आवाज किशोर कुमार की याद को ताजा कर देती है। सैकडों लोगों में से बाकीवाला को चुना गया था जिनकी आवाज हुबहु किशोर की तरह है। चिंतन बाकीवाला किशोर कुमार के रोमांटिक, सदाबहार गीत, उनके हिट गीत, दर्द भरे गीत गाएंगे।

# गुटखा खाने से रोकना पड़ा महंगा, युवकों ने सुरक्षाकर्मियों पर चाकू से किया हमला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक में तीन सुरक्षा कर्मियों को कुछ लड़कों को गुटखा खाने से रोकना महंगा पड़ गया। बदमाश लड़कों ने सुरक्षाकर्मियों पर चाकू से हमला कर दिया। इससे एक सुरक्षा कर्मी की हालत गंभीर है, जबकि दो अन्य चोटिल हुए हैं। मामला शनिवार सुबह का है। घटना के बाद महावीर नगर थाना व मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल परिसर स्थित पुलिस चौकी का जाप्ता मौके पर पहुंचा। घायलों को नए अस्पताल की इमरजेंसी में उपचार के लिए ले जाया गया। सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक (एसएसबी) के सिक्योरिटी इंचार्ज रेख सिंह के अनुसार घटना शनिवार सुबह 6.30 से 6.45 के बीच की है। एसएसबी के गेट पर रामकरण नामक सिक्योरिटी गार्ड ड्यूटी कर रहा था। इस दौरान चार लड़के बाहर बैठकर गुटखा खा रहे थे. उसने इन्हें गुटखा खाकर अंदर जाने से रोका था। इससे नाराज होकर चारों लड़कों ने गार्ड रामकरण पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। उसकी चीखने की आवाज सुनकर दूसरे सिक्योरिटी गार्ड शिव सिंह और सुरेंद्र भी मौके पर पहुंचे। बदमाश लड़कों ने उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद चारों वहां से भाग गए। सिक्योरिटी इंचार्ज के अनुसार इलाज के लिए इन्हें नए अस्पताल की इमरजेंसी में लेकर गए। वहां रामकरण की स्थिति गंभीर बनी हुई है। अभी ये पता नहीं चला है कि ये लड़के किसी मरीज के साथ आए थे या ऐसे ही बाहर बैठे हुए थे। मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.पी. मीणा ने सुरक्षा कर्मियों के उपचार की तुरंत व्यवस्था करवाई।

# भारत विकास परिषद द्वारा प्रकल्प संस्कृति सप्ताह में मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद के प्रकल्प संस्कृति सप्ताह का शनिवार को आयोजन किया गया।जिसमे मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भारत विकास परिषद कपासन अध्यक्ष कमल कुमार दाधीच ने बताया कि परिषद के संस्कृति सप्ताह के अंतर्गत राजकीय उमा विद्यालय हथियाना मे मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।मेहंदी प्रतियोगिता मे 12 व रंगोली प्रतियोगिता मे 7 टीमों ने भाग लिया।मेहंदी प्रतियोगिता मे प्रथम कृष्णा जाट,द्वितीय प्रतिज्ञा सेन एवं रंगोली प्रतियोगिता मे प्रथम शारदा जाट, दिव्तीय चंचल गवारिया,गुनगुन गवारिया,आरती खटिक रही।विद्यालय मे सघन वृक्षारोपण हेतु प्रधानाचार्य यशवंत जागेटिया को परिषद द्वारा उपरना ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।साथ ही प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली समस्त छात्राओ में स्टेशनरी सामग्री वितरण किया गया।मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता मे निर्णायक नन्दलाल बोहरा,माँगीलाल नायक,आशा जोशी व निर्मला व्यास रहे।इस दौरान परिषद द्वारा विद्यालय के शिक्षको का उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर रमेशचंद्र विजयवर्गीय,दिलीप बारेगामा, भूपेश सोनी,राकेश व्यास,उपप्रधानाचार्य अशोक कुमावत आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# यूआईटी पहुंचे जिला कलक्टर, विकास कार्यो की समीक्षा की



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** नगर विकास न्यास की विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यो की समीक्षा व प्रगति पर चर्चा के लिए जिला कलक्टर एवं युआईटी अध्यक्ष आलोक रंजन शनिवार को यूआईटी पहुंचे। यहां कलक्टर ने यूआईटी सचिव राजेश मेवाड़ा के साथ विभिन्न योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा कर फिडबेक लिया।जिला कलक्टर ने यूआईटी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता पर बल दिया। साथ ही ऑनलाइन ई-फाइलिंग को भी बारीकी से देखा व लंबित प्रकरण को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अति. जिला कलक्टर ( भू. अ. ) सुरेंद्र पुरोहित, अधिशासी अभियंता पवन सेठिया सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# मांडल में सफाई कर्मियों की दूसरे दिन भी हड़ताल जारी, ऑटो टीपर भी बंद करवाए

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** जिले के मांडल कस्बे में विगत दो दिनों से लगातार सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी है। पहले दिन सफाई कर्मियों की हड़ताल पर ग्राम पंचायत सरपंच द्वारा ऑटो टीपर की मदद से व्यवथाए सुचारू की गई किंतु हड़ताल करने वाले सफाई कर्मियों ने दूसरे दिन ऑटो टीपर को भी बंद करवा दिया जिससे ग्राम पंचायत की व्यवस्थाओं में प्रभाव पड़ने कि संभावना है। इसपर सरपंच संजय भंडिया और ग्राम विकास अधिकारी कजोड़ मल गुर्जर ने हड़ताल करने वाले कर्मियों से समझाइश की और ग्राम पंचायत कोरम में प्रस्ताव लेकर जल्द समस्याओं का समाधान करने की बात कही। फिलहाल किसी बात पर सहमति नहीं बनी थी और दूसरे दिन लगातार हड़ताल जारी रही।

# विवाहिता का वीडियो वायरल करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, आरोपियों को भेजा जेल

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुर/भीलवाडा( नि.स. )।** रायपुर पुलिस थाना क्षेत्र की विवाहिता ने मुकदमा दर्ज कराया की उसका मोबाइल ठीक करने हेतु पवन पुत्र मोबाइल शॉप कोशीथल पर मोबाइल रिपेयर कराने गई थी मोबाइल की दुकान संचालक हेमेंद्र सिंह निवासी टोकरा व मोबाइल मिस्त्री हसन छिपा निवासी कोशीथल ने विवाहिता के मोबाइल से निजी फोटोग्राफ्स वीडियो चुरा कर 5 लाख रुपए की मांग को लेकर ब्लैक मेल करना शुरू कर दिया । रुपए नहीं देने पर निजी फोटो व वीडियो वायरल कर दिया और उसकी गांव और समाज में लज्जा भंग की जिस पर रायपुर थाना अधिकारी ने मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान हेतु गंगापुर थाना अधिकारी को पत्रावली भिजवा दी । गंगापुर थाना अधिकारी फूल चंद रैगर ने प्रकरण में दोनों आरोपियों से मोबाइल बरामद कर दोनों आरोपियों के खिलाफ विवाहिता के निजी फोटोग्राफ्स वीडियो वायरल करने व विवाहिता को ब्लैकमेल कर 5 लाख रुपए मांगने व उसकी लज्जा भंग करने के आरोप में आज दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया । इसके बाद पुलिस ने दोनो आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से दोनो को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश पारित हुआ है।



# पार्वती और चंबल नदी उफान पर, राजस्थान का मध्यप्रदेश से सड़क संपर्क हुआ अवरूद्ध

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिले के सीमाओं पर स्थित खातोली की पार्वती नदी और चंबल नदी में लगातार पानी की आवक जारी है। मध्यप्रदेश के भोपाल से निकलकर आने वाली पार्वती नदी की पुलिया पर करीब 3 फिट पानी की चादर चल रही है, जिसके चलते स्टेट हाईवे 70 कोटा-श्योपुर राजमार्ग पिछले करीब 42 घंटे से अवरूद्ध है और राजस्थान का मध्यप्रदेश से सड़क संपर्क कटा हुआ है। वहीं, चंबल नदी की झरेर की पुलिया पर करीब 4 फिट पानी की चादर चल रही है, जिसके चलते पिछले 8 दिनों से खातोली-सवाई माधोपुर मार्ग अवरूद्ध है। वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाकर माधोपुर पहुंचना पड़ रहा है। राजस्थान और मध्यप्रदेश को जोड़ने वाली खातोली की पार्वती नदी में इस मानसून सत्र में लगातार चौथी बार उफान देखने को मिला है और पुलिया पर लगातार पानी की आवक रहने के चलते दो राज्यों का आपसी सड़क संपर्क अवरूद्ध हो रहा है।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# जयपुर में गंदगी फैलाने पर 50,000 तक जुर्माना लगेगा : पालतू जानवरों के खुले में पेशाब करने पर भी एक्शन होगा; खुले में मांस-मछली पकाने पर पाबंदी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले नगर निगम हेरिटेज सफाई को लेकर एक्शन मोड में आ गया है। नगर निगम हेरिटेज द्वारा शहर में बढ़ती गंदगी और कचरे के निस्तारण को लेकर अब सख्त नियम बनाए हैं। इसके तहत खुले में थूकने, नहाने और पेशाब करने के साथ ही गोबर डालने पर 200 रुपए से 5000 हजार रुपए तक जुर्माना देना पड़ेगा। इसके साथ ही अब प्रतिदिन 100 किलो से ज्यादा कचरा उत्पन्न करने वाले होटल, रेस्टोरेंट और धार्मिक स्थलों को भी स्वयं के स्तर पर कचरे का निष्पादन करना होगा। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 50 हजार रुपए का जुर्माना लगेगा।

जयपुर नगर निगम हेरिटेज द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी कर शहर में कचरा फैलाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी कर दी गई है। इसके तहत अब गली में कचरा फैलाने से लेकर दुकानों के बाहर कचरा डालने घर में कचरा इकट्ठा नहीं करने, कचरा जलाने, पालतू जानवरों के खुले में पेशाब करने, मांस मछली पकाने पर भी जुर्माना वसूले जाने का प्रावधान किया गया है।

### नियमों का पालन नहीं कर रहे लोग

जयपुर नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए बड़ी संख्या में शहरवासी नगर निगम का सहयोग कर रहे हैं। लेकिन काफी लोग ऐसे भी हैं। जो आज भी शहर को गंदा कर रहे हैं।
स्वच्छता नियमों की पालना नहीं कर रहे है। उनके खिलाफ अब नगर निगम सख्ती दिखाते हुए जुर्माना वसूल कर कानूनी कार्रवाई करेगा।

सुराणा ने कहा कि यह नियम नगर निगम में पिछले कई सालों से लागू है। जिन्हें अब सख्ती के साथ लागू कर जयपुर को जगमग और स्वच्छ सुंदर बनाने का काम किया जाएगा।



# राजस्थान की बेटी ओलिंपिक में 14वें स्थान पर

## शॉटगन के स्कीट इवेंट में महेश्वरी के पहले राउंड में 23 और दूसरे में 24 अंक



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** पेरिस ओलिंपिक में उदयपुर की बहू महेश्वरी चौहान का शनिवार को पहला मुकाबला हुआ। महेश्वरी शॉटगन के तहत स्कीट इवेंट के क्वालीफाइंग मुकाबले में उतरी। वे पहले राउंड में 23 और दूसरे में 24 के साथ कुल 47 अंकों के साथ 14वें स्थान पर हैं। बता दें कि शॉटगन में दो दिन क्वालीफाइंग मुकाबले होंगे। इसके बाद 5 अगस्त को फाइनल होगा। महेश्वरी स्कीट खेलने वाली प्रदेश की पहली महिला हैं। महेश्वरी के पति उदयपुर से अधिराज सिंह उनके साथ पेरिस ही है।

### पहले भी कई पदक जीत चुकी

महेश्वरी इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीत चुकी है। महेश्ववरी की शादी उदयपुर के अधिराजसिंह के साथ हुई है। महेश्वरी ने कतर की राजधानी दोहा में आईएसएसएफ फाइनल ओलिंपिक शॉटगन क्वालिफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्किट इवेंट में रजत पदक हासिल किया। जालोर जिले के सियाणा गांव की रहने वाली महेश्वरी चौहान ने आईएसएसएफ शॉटगन ओलिंपिक क्वालीफिकेशन चैंपियनशिप में महिलाओं की स्कीट शूटिंग में सिल्वर जीता।

तब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टवीट् कर प्रदेश की बेटी को बधाई दी थी। महेश्वरी को भी दादा और पिता की तरह निशानेबाजी का बचपन से शौक रहा। उनके दादा गणपत सिंह और पिता प्रदीप सिंह नेशनल तक खेल चुके है।

# जम्मू में आतंकियों के मददगार 6 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

## इनमें 5 पुलिसकर्मी और एक टीचर शामिल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने 6 सरका ी कर्मचारियों को एंटी नेशनल एक्टिविटी में शामिल होने के चलते बर्खास्त किया है। इनमें 5 पुलिसकर्मी और एक टीचर शामिल है। सभी ड्रग्स के व्यापार और टेरर फंडिंग कर रहे थे। एलजी मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने इन कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए भारत के संविधान के अनुछेद 311 (2) (सी) का इस्तेमाल किया। बर्खास्त कर्मचारियों में हेड कांस्टेबल फारूक अहमद शेख, सिलेक्शन ग्रेड कांस्टेबल सैफ दीन, खालिद हुसैन शाह, इरशाद अहमद चालकू, कांस्टेबल रहमत शाह और शिक्षक नजम दीन शामिल हैं। अधिकारी ने बताया कि इन सभी पर श्वष्ठ और इंटेलिजेंस एजेंसियों की नजर थी। इनकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। इसमें पुष्टि हुई थी ये सभी एंटी नेशनल गतिविधियों में शामिल हैं।

# 24,797 पदों पर सफाई कर्मचारी भर्ती हो सकती है रद्द

## वाल्मीकि समाज के आंदोलन के बाद सरकार नए सिरे से भर्ती करने की तैयारी में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में 24,797 पदों पर सफाई कर्मचारी भर्ती रद्द कर अब नए सिरे से निकाली जा सकती है। स्वायत्त शासन विभाग अब इसे नए सिरे से भर्ती निकालेगा। इससे राजस्थान में पिछले 12 दिनों से जारी सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म हो सकती है। वाल्मीकि समाज की मांग के बाद सरकार ने मौजूदा भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल, राजस्थान सरकार द्वारा 1 मार्च को प्रदेश में 24 हजार 797 पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती निकाली गई थी। इसमें प्रदेश भर में 9 लाख 20 हजार से ज्यादा आवेदन आए थे। इन आवेदनों में बड़ी संख्या में गैर वाल्मीकि समाज के युवा भी शामिल थे। इसके बाद वाल्मीकि समाज ने सफाई कर्मचारी भर्ती में प्राथमिकता की मांग को लेकर आंदोलन शुरू कर दिया था।



### कालीचरण सराफ को दी गई थी हड़ताल खत्म करने की जिम्मेदारी

सरकार द्वारा जब भर्ती नियम में संशोधन नहीं किया गया। वाल्मीकि समाज ने 23 जुलाई से कार्य बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी। इसके बाद पूरे प्रदेश की सफाई व्यवस्था दिनों दिन बिगड़ने लगी थी। जिसे दुरुस्त करने के लिए सरकार द्वारा इस पूरी हड़ताल को खत्म करने की जिम्मेदारी जयपुर के मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ को दी गई।

जिन्होंने स्वायत्त शासन विभाग के अधिकारियों, हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारियों से बातचीत कर इस पूरे मामले का ब्योरा यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा को दिया। जिन्होंने मौजूदा भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर नए सिरे से भर्ती करने का फैसला किया है। हालांकि अब तक सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल को खत्म नहीं किया है।

संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने कहा- वाल्मीकि समाज अपनी जायज मांग को लेकर गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहा है। जब तक सरकार हमारी सभी मांगों को पूरा नहीं करती हम हड़ताल खत्म नहीं करेंगे।

# सिरोही-अम्बाजी रोड पर नदी में गिरी बस, 40 घायल : 11 गंभीर हालत में रेफर, गुजरात के श्रद्धालु अंबाजी दर्शन करने जा रहे थे

बढ़ता राजस्थान

**आबूरोड।** सिरोही जिले में एक निजी बस नदी में गिर गई। ये बस आबूरोड से अंबाजी की ओर जा रही थी। हादसे में करीब 40 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसा शनिवार दोपहर करीब 3:15 बजे, आबूरोड रीको थाना क्षेत्र में सुरपगला गांव के पास हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही आबूरोड रीको थाना पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। घायलों को इलाज के लिए आबूरोड पीएमओ को सूचना दी गई। बस में सवार सभी घायलों को तुरंत राजकीय अस्पताल आकराभटटा, आबू रोड में इलाज के लिए भेजा गया है। सीओ पुष्पेंद्र वर्मा ने बताया- रीको थाना क्षेत्र में सुरपगला गांव में बस मोड़ते समय बस का बैलेंस बिगड़ा और नदी में गिर गई। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है। 6 यात्रियों में से करीब 40 से 42 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से 11 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें सिरोही रेफर किया गया है। बाकी लोगों का स्थानीय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गुजरात के हिम्मत नगर के रहने वाले करण सिंह (45) ने बताया कि, हम सभी ने शुक्रवार को रामदेवरा दर्शन किया। वहां से जालौर में सुड़ा माता के दर्शन किए। आज सुबह 11 बजे वहां से निकले थे। करीब चार घंटे तक सही से सफर चला।

# सीजेआई बोले- लोग सेटलमेंट करके कोर्ट से छुटकारा चाहते

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार (3 अगस्त) को कहा कि लोग कोर्ट के मामलों से इतने तंग आ जाते हैं कि वे बस सेटलमेंट चाहते हैं। कोर्ट का प्रोसेस पनिशमेंट जैसा है। यह जज के रूप में हम सभी के लिए चिंता का कारण है। सीजेआई ने कहा- हम कोशिश करते हैं और कहते हैं कि हम सेटलमेंट नहीं करेंगे। बल्कि हम आपको बेहतर रिजल्ट देंगे। चंद्रचूड़ ने कहा कि जब बीआर अंबेडकर जैसे दिग्गजों ने संविधान बनाया था, तो उन्होंने इसे एक मिशन के साथ बनाया था। चंद्रचूड़ ने कहा- भारत के सुप्रीम कोर्ट को 180 संवैधानिक मामलों से निपटने वाला अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट बनाने का विचार नहीं था। बल्कि इसके पीछे न्याय सबके द्वार का विचार था। यह एक अदालत थी, जिसे गरीब समाज के लिए बनाया जा रहा था, जहां न्याय तक पहुंच का अभाव था। सीजेआई ने ये बातें सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लोक अदालत वीक के स्मरणोत्सव समारोह में कहीं। इस समारोह में कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 साल पूरे होने के मौके पर 29 जुलाई से 3 अगस्त तक स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया था। लोक अदालतें ऐसे मंच हैं जहां कोर्ट में लंबित मामलों या मुकदमे से पहले विवाद को आपसी समझौते से निपटाया जाता है। लोक अदालत के फैसलों के खिलाफ किसी भी कोर्ट मेंअपील नहीं की जा सकती है।

### चंद्रचूड़ बोले- हम मुवक्किलों को नहीं जानते, यही सबसे बड़ी कमी

चंद्रचूड़ ने अपने संबोधिन के दौरान कहा- सुप्रीम कोर्ट के जज ऊंचे डायस पर बैठते हैं। हमारे सामने वकील बैठते हैं। हम मुवक्किलों को शायद ही जानते हों जैसे हम हाई कोर्ट या डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में जानते हैं। हम जिन लोगों को सुप्रीम कोर्ट में न्याय देते हैं, वे हमारे लिए अदृश्य हैं। यही हमारे काम की सबसे बड़ी कमी है। सीजेआई ने कहा- सुप्रीम कोर्ट भले ही दिल्ली में स्थित है, लेकिन यह पूरे भारत का कोर्ट है। हमने पूरे देश से अधिकारियों को रजिस्ट्री में भर्ती किया है और वे पूरे भारत में जीवन और समाज के बारे में विविधता, समावेश और ज्ञान लाते हैं। सीजेआई ने कहा- भारत सरकार के एक बहुत सीनियर सेक्रेटरी और पूर्व सिविल सर्वेंट ने मुझसे कहा कि उन्हें कभी नहीं पता था कि सुप्रीम कोर्ट में छोटे मामलों की भी सुनवाई होती है। क्योंकि हमें सुप्रीम कोर्ट में सभी बड़े मामलों को निपटाते हुए देखने की आदत है।



### कानून मंत्री बोले- विवादों को मध्यस्थता से सुलझाना हमारी संस्कृति

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कार्यक्रम में कहा- इस लोक अदालत में 1000 से अधिक मामलों का निपटारा किया गया। मुझे बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट में आयोजित लोक अदालत में सिविल मामलों का भी निपटारा किया गया है। मेघवाल ने कहा- हमारे देश में पहली बार भगवान कृष्ण ने लोक अदालत आयोजित की थी। तब कौरवों और पांडवों के बीच विवाद हो गया था।

# अहमद शाह अब्दाली के वंशज हैं अमित शाह : उद्धव

## भाजपा पावर जिहाद कर रही; गृह मंत्री ने उन्हें औरंगजेब फैन क्लब का नेता कहा था

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** उद्धव ठाकरे ने शनिवार (3 अगस्त) को भारतीय जनता पार्टी पर 'पावर जिहाद' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता में रहने के लिए राजनीतिक दलों में फूट डाल रही है। उन्होंने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस को खटमल बताया। इसके साथ ही उद्धव ने गृह मंत्री अमित शाह को अहमद शाह अब्दाली का वंशज बताया। अब्दाली ने पानीपत के युद्ध में मराठाओं को हराया था। दरअसल 21 जुलाई को अमित शाह ने पुणे में ठाकरे को औरंगजेब फैन क्लब का लीडर कहा था। उद्धव इसी तंज का जवाब दे रहे थे।

**21 जुलाई, अमित शाह:** उद्धव ठाकरे उन लोगों के साथ बैठे हैं, जिन्होंने 1993 के मुंबई बम धमाकों के दोषी याकूब मेमन के लिए जीवनदान मांगा था। औरंगजेब फैन क्लब क्या है जो 26/11 के आतंकी हमले के दोषी कसाब को बिरयानी खिलाते हैं, जो जाकिर नाइक को शांति दूत पुरस्कार देते हैं और जो क्क्नद्ब का समर्थन करते हैं। उद्धव ठाकरे को इन लोगों के साथ बैठने में शर्म आनी चाहिए।

महा विकास अघाड़ी औरंगजेब फैन क्लब है। यह भारत की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता है। उद्धव ठाकरे इस फैन क्लब के लीडर हैं। यह फैन क्लब महाराष्ट्र और भारत को सुरक्षित नहीं रख सकता है। सबकी सुरक्षा सिर्फ भाजपा कर सकती है।




**3 अगस्त, उद्धव ठाकरे:** अगर मुसलमान हमारे साथ हैं, तो हम उन्हें अपना हिंदुत्व समझाएंगे। तब हम 'औरंगजेब फैन क्लब' होंगे, लेकिन जो आप कर रहे हैं, वह सत्ता जिहाद है। ठाकरे ने आगे कहा- भाजपा के सहयोगी नीतीश कुमार, चंद्र बाबू नायडू हिंदुत्व वादी व्यक्ति हैं क्या? अमित शाह बताएं उनका हिंदुत्व कैसा है? गृह मंत्री को संघ का हिंदुत्व मान्य है क्या? इस वजह से भाजपा ने जो शुरू किया है वह पावर यानी सत्ता जिहाद है।

### शरद पवार ने कहा था- जो आज गृह मंत्री है, वह कभी तड़ीपार था

21 जुलाई को पुणे में ही अमित शाह ने कहा था कि विपक्ष हम पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहा है, लेकिन भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े सरगना शरद पवार हैं।

# दावा- ईरानी एजेंट्स ने ही करवाई हानियेह की हत्या

## इंटेलिजेंस अफसर समेत 24 गिरफ्तार; इजराइल ने गेस्ट हाउस के 3 कमरों में लगवाए थे बम

**नई दिल्ली।** हमास चीफ इस्माइल हानियेह की मौत के मामले में ईरान ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें ईरान के कई इंटेलिजेंस अफसर, सैन्य अधिकारी और गेस्ट हाउस का स्टाफ शामिल हैं। यह वही गेस्ट हाउस है, जहां हानियेह पर हमला हुआ था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक ईरान ने हानियेह की सुरक्षा में चूक को देखते हुए यह गिरफ्तारियां की हैं। दरअसल, हानियेह ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने पहुंचा था। वह जिस गेस्ट हाउस में ठहरा था, उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ईरान की सेना आईआरजीसी के पास रहती है। वहीं ब्रिटिश मीडिया हाउस द टेलीग्राफ ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि हानियेह को मारने के पीछे इजराइल की खुफिया एजेंसी मोसाद का हाथ है। रिपोर्ट के मुताबिक, मोसाद ने इस काम के लिए ईरान के ही सिक्योरिटी एजेंट्स को हायर किया था। ईरानी अधिकारियों की मदद से आईआरजीसी के गेस्ट हाउस के 3 अलग-अलग कमरों में बम रखे गए थे। यह वही गेस्ट हाउस है, जहां हानियेह ठहरा था। मोसाद ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम विदाई के कार्यक्रम में ही हानियेह को मारना चाहता था।


# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# वायनाड लैंडस्लाइड, 4 दिन बाद बचाए गए 4 आदिवासी बच्चे

## रेस्क्यू टीम ने हथेली में भरकर पानी पिलाया

बढ़ता राजस्थान

**कलपेट्टा (एजेंसी)।** वायनाड लैंडस्लाइड के चौथे दिन शुक्रवार को एक अच्छी खबर आई। वन अधिकारियों ने 8 घंटे के ऑपरेशन में एक दूरदराज आदिवासी इलाके से 4 बच्चों समेत 6 लोगों का रेस्क्यू किया। बच्चे एक से चार साल के हैं। पनिया समुदाय का यह आदिवासी परिवार पहाड़ी की चोटी पर एक गुफा में फंसा था। न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में कलपेट्टा रेंज के फॉरेस्ट ऑफिसर हशीस ने बताया- हमने गुरुवार को मां और 4 साल के बच्चे को जंगल के पास भटकते देखा। पूछताछ में उसने अपना नाम शांता बताया। उसने कहा कि वे लोग चूरलमाला के एराट्टुकुंडु ऊरु (बस्ती) में रहते हैं। उसके 3 और बच्चे, उनके पिता भूखे-प्यासे पहाड़ी पर एक गुफा में फंसे हैं।

### फिसलन के बीच 8 घंटे का रेस्क्यू

हशीस ने बताया- वायनाड में लैंडस्लाइड वाले दिन शांता अपने बच्चे के साथ जंगल में दिखी, लेकिन उसने कहा कि वह सिर्फ घूम रही है। हमें पता था, वे भूखे थे और जंगल में अंदर जाने की तैयारी में थे। दो दिन बाद वे लोग फिर दिखाई दिए। इस बार वे हमें देखकर भागे नहीं। उनकी हालत भूख से खराब हो चुकी थी। पूछने पर शांता ने बताया कि उसका परिवार पहाड़ी पर एक गुफा में फंसा हुआ है। हमने 4 लोगों की टीम बनाई। भारी बारिश के बीच फिसलन भरी और खड़ी चट्टानों से होकर टीम ने 8 घंटे की कोशिश के बाद इन्हें निकाला। फिसलन भरी चट्टानों पर चढ़ने के लिए पेड़ों से रस्सियां बांधनी पड़ीं। जब हम गुफा के पास पहुंचे तो तीन बच्चे और एक शख्स वहां बैठे हुए थे। हमने उन्हें अपने पास बुलाया। वे सामने नहीं आ रहे थे। काफी समझाने के बाद उनके पिता हमारे साथ आने के लिए राजी हो गए।

हमारे पास सिवाय रस्सी के कुछ नहीं था। एक चादर के तीन टुकड़े करके हमने बच्चों को अपने शरीर से बांध लिया और वापस अपनी यात्रा शुरू कर दी। कैंप तक आने में करीब साढ़े 4 घंटे लग गए।

